हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026

आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच 10 मई को होने वाले महामुकाबले के लिए सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह हाई-टेक

नियमों का ध्यान रखना जरूरी

- एम-टिकट को व्हाट्सएप, ईमेल या स्क्रीनशॉट के जरिए फॉरवर्ड नहीं किया जा सकेगा। टिकट केवल उसी अधिकृत ऐप पर मान्य होगा जिससे इसे खरीदा गया है।
- अगर किसी कारणवश आपको अपनी टिकट किसी और को ट्रांसफर करनी पड़े, तो यह ऐप के माध्यम से केवल एक बार ही संभव होगा। इसके बाद टिकट पूरी तरह लॉक हो जाएगा।
- गेट पर तैनात स्कैनर जैसे ही आपके मोबाइल के क्यूआर ▶▶| शेष पेज 7 पर

अब वुमन्स टीम की बारी, पहली बार भारत आएगी जिम्बाब्वे की टीम, रायपुर को तीन टी-20 मैच की मेजबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय महिला क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे टीम के बीच अक्टूबर में 6 मैच की बाइलेटरल सीरीज खेली जाएगी। इस दौरे में 3 वनडे और 3 टी-20 मुकाबले होंगे, जिसमें तीन टी-20 मैच रायपुर के शहीद वीरनारायण स्टेडियम में खेला जाएगा। बात दें कि जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीम पहली बार भारत दौरे पर आएगी। गुरुवार को बीसीसीआई ने 6 मैचों का शेड्यूल जारी किया। टी20 सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर से होगी। वहीं वनडे सीरीज का आगाज 23 अक्टूबर से होगा। सभी टी20 मुकाबले रायपुर ▶▶|शेष पेज 7 पर

2027 में श्रीलंका में टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी

आने वाले आईसीएससी टूर्नामेंट्स को देखते हुए यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। 2027 में श्रीलंका में महिला टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी है। ऐसे में बीसीसीआई लगातार ज्यादा बाइलेटरल सीरीज आयोजित कर रहा है, ताकि प्लेयर्स को ज्यादा मैच प्रैक्टिस मिल सके।

टी20 सीरीज

- पहला टी20: 16 अक्टूबर, रायपुर
- दूसरा टी20: 18 अक्टूबर, रायपुर
- तीसरा टी20: 20 अक्टूबर, रायपुर

वनडे सीरीज

- पहला वनडे: 23 अक्टूबर, बड़ौदा
- दूसरा वनडे: 25 अक्टूबर, बड़ौदा
- तीसरा वनडे: 28 अक्टूबर, बड़ौदा

ऑनलाइन टिकट के स्क्रीनशॉट से नहीं मिलेगी एंट्री, मैच के दिन 3 बजे जनरेट होगा क्यूआर कोड, देर से आने पर भी सेफ रहेगी सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच 10 मई को होने वाले महामुकाबले के लिए इस बार सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह हाई-टेक कर दी गई है। टिकटों की कालाबाजारी रोकने पहली बार 'एम-टिकट' प्रणाली लागू की गई है, जिसके जरिए दर्शकों को आरसीबी के ऐप पर मैच वाले दिन जनरेट होने वाले क्यूआर कोड से ही स्टेडियम में एंट्री दी जाएगी। खास बात यह है कि ऑनलाइन टिकट में मैप के जरिए आने और जाने का रास्ता ▶▶|शेष पेज 7 पर



मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या गुरुवार शाम रायपुर पहुंच गए। वे 10 मई को होने वाले मैच की कप्तानी करेंगे।

कालाबाजारी रोकने बनाया है नया सिस्टम

रायपुर में मैचों के दौरान टिकटों की कालाबाजारी एक बड़ी समस्या रही है। एम-टिकट सिस्टम सीधे दर्शक के मोबाइल और पहचान से जुड़ा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वास्तविक और सच्चे क्रिकेट प्रशंसकों को ही सही कीमत पर मैच देखने का मौका मिले और कोई अनजान व्यक्ति बाहर टिकट न बेच सके।

इस तरह मिलेगी एंट्री

- सबसे पहले अपने स्मार्टफोन में आरसीबी का आधिकारिक ऐप डाउनलोड कर लें।
- ऐप में उसी मोबाइल नंबर को डालकर लॉग-इन करें, जिसका उपयोग आपने टिकट खरीदते समय किया था।
- नंबर डालने के बाद आपको एक ओटीपी मिलेगा। इसे दर्ज करते ही ऐप में आपकी टिकट की जानकारी दिखने लगेगी।
- अभी ऐप में आपको अपनी टिकट की जानकारी दिखेगी, लेकिन क्यूआर कोड दिखाई नहीं देगा। ▶▶|शेष पेज 7 पर

आनंद का सच्चा भाव*

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹103903/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹126900/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹138523/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply

ताड़मेटला हमले में 76 जवानों की मौत पर हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी

जांच एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने में विफल रहीं, यह अत्यंत पीड़ादायक

- **ताड़मेटला नक्सली हमले में राज्य सरकार की अपील खारिज, साक्ष्य नहीं, इसलिए सभी आरोपी बरी**
- **निचली अदालत ने सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी किया था**

बस्तर के ताड़मेटला नक्सली हमले में सीआरपीएफ के 76 जवानों की मौत के मामले में सभी आरोपी दोषमुक्त हो गए हैं। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील खारिज करते हुए निचली अदालत के बरी करने के फैसले को बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस पर बेहद तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि, इतनी बड़ी शहादत के बावजूद अभियोजन एजेंसियां असली अपराधियों की पहचान करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने में पूरी तरह विफल रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के दोषमुक्ति के फैसले को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है कि यह अत्यंत पीड़ादायक है। नक्सलियों द्वारा कथित रूप से किए गए एक क्रूर हमले के बाद भी जांच एजेंसियां असली अपराधियों की पहचान स्थापित करने या उन्हें इस बर्बर कृत्य के लिए न्याय के कटघरे में लाने में सक्षम नहीं हो पाई।

खास खबर

गौरतलब है कि 6 अप्रैल 2010 की सुबह ताड़मेटला के जंगल में नक्सलियों ने सीआरपीएफ की 62वीं बटालियन पर घात लगाकर हमला किया था। इस भीषण नरसंहार में 75 सीआरपीएफ जवान और राज्य पुलिस का 1 जवान। ▶▶|शेष पेज 7 पर

हाईकोर्ट ने कहा

जांच में प्रक्रियात्मक खामियां रहीं

अब हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए अपने फैसले में कहा है कि हमें यह देखकर अत्यंत दुख हुआ है, इतने गंभीर मामले, जिसमें बड़े पैमाने पर जवान शहीद हुए हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर परिणाम भुगतने पड़े, का अंततः इस तरह से निपटारा किया गया है। जांच एजेंसियों की ओर से कोई भी कानूनी रूप से मान्य और विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका। परिणामस्वरूप, निचली ▶▶|शेष पेज 7 पर



फाइल फोटो

इस तरह हुई पूरी घटना

सीआरपीएफ की 62वीं बटालियन के उप कमांडर सत्यवान सिंह, कंपनी और पुलिस बल के साथ 82वीं फोर्स के साथ 4 अप्रैल 2010 से 7 अप्रैल 2010 तक एरिया डोमिनेशन पेट्रोल पर थे। 6 अप्रैल 2010 की सुबह ताड़मेटला गांव के जंगल में नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। पुलिस बल को देखते ही नक्सलियों ▶▶|शेष पेज 7 पर

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दी यह हिदायत

डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है, निचली अदालत द्वारा पारित दोषमुक्ति के फैसले के विरुद्ध राज्य द्वारा दायर की गई अपील को खारिज किया जाता है। अभियुक्तों, प्रतिवादियों की दोषमुक्ति को बरकरार रखा जाता है, क्योंकि अभियोजन पक्ष उचित ▶▶|शेष पेज 7 पर

शासन ने कहा

बरी करने का फैसला अवैध और अस्थिर

राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने कहा, निचली अदालत द्वारा पारित बरी करने का फैसला अवैध और अस्थिर है। निचली अदालत महत्वपूर्ण साक्ष्यों को समझने में विफल रही है, जिसमें आरोपी बरसे लखमा का मजिस्ट्रेट के समक्ष धारा 164 सीआरपीसी के तहत दिया गया इकबालिया बयान भी शामिल है। इसमें उसने अन्य आरोपियों के साथ इस अपराध में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

हाईकोर्ट ने जांच में कमियों को उजागर किया

दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने जांच में कमियों को उजागर किया। कोर्ट ने कहा कि अभियुक्तों को हत्या के कृत्यों के वास्तविक क्रियान्वयन से जोड़ने वाला कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य या प्रत्यक्षदर्शी गवाही नहीं है। किसी भी प्रत्यक्षदर्शी ने अभियुक्तों की पहचान अपराधियों के रूप में नहीं की है। साथ ही धारा 164 दंड प्रक्रिया संहिता किसी स्वतंत्र साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं है। अभियुक्त का कथित इकबालिया बयान, जिसके अंतर्गत जब्त की गई विस्फोटक सामग्री, जिसमें पाइप बम, ग्रेनेड और राइफलें शामिल हैं, घटनास्थल से बरामद की गई थी, न कि आरोपियों के कब्जे से। कोर्ट ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि सामग्री को विस्फोटक प्रमाणित करने वाली एफएसएल रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है, जिससे जब्ती का सबूत अप्रभावी हो जाता है। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच त्रुटिपूर्ण प्रतीत होती है क्योंकि शस्त्र अधिनियम के तहत आवश्यक अभियोजन स्वीकृति का कोई रिकॉर्ड नहीं है, आरोपी की कोई टीआईपी (परीक्षण पहचान परेड) आयोजित नहीं कराई गई थी, और परीक्षण न्यायालय ने हमले की अराजक परिस्थितियों के कारण गवाहों के बयानों में विसंगतियों को सही ढंग से नोट किया।

सुशासन तिहार के बहिष्कार का ऐलान

मंच से बोले विधायक रिश्वतखोर पटवारी को मारेंगे जूते, आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सुशासन तिहार के दौरान राजिम के भाजपा विधायक रोहित साहू के पटवारियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। टिप्पणी के विरोध में पटवारियों ने सुशासन तिहार के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। गरियाबंद जिले के छुरा के पाटसिवनी गांव में सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित समाधान शिविर में उस वक्त माहौल गरमा गया जब एक पटवारी पर घूसखोरी का आरोप लगते ही राजिम विधायक रोहित साहू मंच से अपना आपा खो बैठे। आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित शिविर में विधायक ने न सिर्फ संबंधित पटवारी पर कार्रवाई की मांग की बल्कि गुस्से में यह तक कह दिया कि रिश्वत लेने वाले पटवारी को जूता भी मारेंगे।

सुशासन तिहार के मंच से विधायक के बिगड़े बोल का वीडियो वायरल, पटवारी संघ ने दी बहिष्कार की चेतावनी

विधायक के इस बयान का वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसके बाद जिले की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में नई बहस छिड़ गई है। दरअसल पाटसिवनी में ▶▶|शेष पेज 7 पर

खबर संक्षेप

सीएम के ओएसडी के सहयोगी के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित जमीन धोखाधड़ी मामले में धनशोधन जांच के तहत मुख्यमंत्री कार्यालय में ओएसडी के एक कथित निकट सहयोगी के परिसरों समेत पंजाब और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर छापे मारे। मोहाली और चंडीगढ़ में सनटेक सिटी परियोजना, अजय सहगल, एबीएस टाउनशिप्स, अल्टस बिल्डर्स, धीर कंस्ट्रक्शंस और उनके सहयोगियों से जुड़े करीब 12 स्थानों पर धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है। एजेंसी नितिन गोहल नामक व्यक्ति के परिसरों पर भी छापे मार रही है। उस पर राजनीतिक संरक्षण की व्यवस्था करने का आरोप है।

16 अप्रैल से गायब है कथित तौर पर बम का सामान छोड़ने वाला

रावांभाठा में मिला बम बनाने का सामान, जीजा को उड़ाने की धमकी देने वाला गायब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खमतराई थाना क्षेत्र के रावांभाठा के वार्ड 13 में देशी बम बनाने में इस्तेमाल होने वाला संदिग्ध रॉ मटेरियल, तार तथा रिमोट मिलने से हड़कंप मच गया है। बम बनाने का सामान मिलने के साथ एक चिड़ीमार एयरगन मिली है। मौके पर पहुंची फोरेंसिक एक्सपर्ट, बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीम ने जांच के बाद विस्फोटक बनाने में काम आने वाला रासायनिक केमिकल जब्त कर जांच करने लैब में भेज दिया है।

मौके पर पहुंचे नार्थ डीसीपी मयंक गुर्जर के मुताबिक जांच के दौरान एक संदिग्ध बैग से बैटरी, वायर, एयरगन, तीन बोतल केमिकल और डेटोनेटर नुमा सामान बरामद किया गया, जिसे जब्त कर लिया गया है। वह संदिग्ध सामान क्षेत्र की मितानिन पुष्पा साहू के घर से मिला है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, वह सामान ▶▶|शेष पेज 7 पर

पार्षद से पुलिस को मिली सूचना

मितानिन पुष्पा ने पुलिस को बताया कि आठ वर्ष पूर्व उसने विनय देवांगन के माध्यम से रावांभाठा में प्रापर्टी खरीदी थी। तब से उसका विनय के साथ परिचय है। विनय ने बुधवार रात नौ बजे के करीब पुष्पा के घर एक काले रंग का बैग छोड़ा, बैग भारी था। बैग में संदिग्ध सामान होने की आशंका होने पर पुष्पा ने अपने वार्ड के पार्षद अश्विनी यादव को इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है, अश्विनी ने बैग खोलकर देखा, तो बैग के अंदर पिस्टलनुमा हथियार देख कर सकते में आ गया। फिर बैग को बंद कर गुरुवार को उसने इसकी सूचना पुलिस को दी।

बेकाबू एनएसयूआई ने तोड़े बैरिकेड पुलिस पर पथराव, सिपाही जख्मी

सीएम हाउस घेराव : पहली बार छग पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग कर रही एनएसयूआई प्रदर्शन के दौरान बेकाबू हो गई। सीएम हाउस घेरने एनएसयूआई गुरुवार दोपहर जनसंपर्क कार्यालय, महिला थाना चौक के पास एकत्र हुए। यहां घंटेभर से अधिक समय तक जारी भाषणों के दौर के बाद कार्यकर्ता आगे बढ़े। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने प्रेस क्लब से लेकर बंजारी बाबा चौक तक कई लेयर में ▶▶|शेष पेज 7 पर



गुटों में शक्ति प्रदर्शन, क्रेन से पहनाई माला

एनएसयूआई के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ पहली बार छग पहुंचे थे। एनएसयूआई के विभिन्न गुटों ने एयरपोर्ट में उनके स्वागत से लेकर प्रदर्शन के दौरान तक शक्ति प्रदर्शन किया। उन्हें क्रेन से माला पहनाई गई। शक्ति प्रदर्शन करने सभी गुट अपने साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लेकर पहुंचे ▶▶|शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ की 35 युवतियां झारखंड में बंधक दुर्गूकोंदल से उठी आवाज पर रेस्क्यू अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

झारखंड के गढ़वा जिले में नौकरी के नाम पर ले जाकर छत्तीसगढ़ की करीब 35 युवतियों को बंधक बनाए जाने की खबर है। दुर्गूकोंदल से उठी एक युवती की दर्दभरी पुकार के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। युवतियों को जबरन काम कराने और प्रताड़ित किए जाने की सूचना पर झारखंड पुलिस ने बड़े स्तर पर रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है। अब सभी की निगाहें उन बेटियों की सुरक्षित वापसी पर टिकी हैं।



खुटगांव की एक युवती के संदेश में कार्रवाई

दुर्गूकोंदल क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों की लगभग 35 युवतियों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर झारखंड ले जाया गया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें गढ़वा जिले में कथित रूप से बंधक बनाकर जबरन काम कराया जा रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्राम खुटगांव की एक युवती ने किसी तरह मोबाइल के जरिए अपने गांव के परिचित युवक को संदेश भेजकर मदद की गुहार लगाई। युवती ने बताया कि कई लड़कियां वहां फंसी हुई हैं और ▶▶|शेष पेज 7 पर

युवतियों को बाहर निकालने में जुटी टीम

बताया जा रहा है कि गढ़वा जिले में कमिश्नर के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक की निगरानी में रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासनिक टीम युवतियों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास में जुटी हुई है। इस घटना ने मानव ▶▶|शेष पेज 7 पर

'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर वीर सैनिकों को सलाम

आतंकवाद को हराने के संकल्प पर आज भी अडिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर वीर सैनिकों के अद्भुत पराक्रम और देशभक्ति को सलाम किया है। उन्होंने कहा कि एक साल बाद भी आतंकवाद को हराने और उसे पनपने में मदद करने वाले पूरे तंत्र को नेस्तनाबूद करने के अपने संकल्प पर हम पहले की तरह ही अडिग हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि एक साल पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस ▶▶|शेष पेज 7 पर

पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने बदली प्रोफाइल फोटो

'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल की तस्वीर बदली है। सभी नेताओं ने अपनी प्रोफाइल में 'ऑपरेशन सिंदूर' की फोटो लगाई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का लोगो लगा लिया।



हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं जवान

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य को याद किया है। उन्होंने कहा कि हम अपने सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करते हैं, जिनका साहस और समर्पण राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करता आ रहा है। इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेनाओं ने अद्वितीय सटीकता, बेहतरीन समन्वय और तीनों सेनाओं के बीच गहरी तालमेल का प्रदर्शन किया, जिसने आधुनिक सैन्य अभियानों के लिए एक नया मानक स्थापित किया।

सीएम साय ने सेना के शौर्य को किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने "ऑपरेशन सिंदूर" की प्रथम वर्षगांठ पर भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि नए भारत की अटूट इच्छाशक्ति, निर्भीक संकल्प और निर्णायक शक्ति का प्रतीक है।



उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल

200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल

UMH आयुष्मान भव:

24x7 आपातकालीन सुविधा

पेट, लीवर एवं आंत रोगों का विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान



GERD

- छाती में दर्द
- भूख में कमी
- एसिड का ऊपर आना
- गैस ज्यादा बनना
- बार-बार डकार आना
- खाना न पचना
- सूखी खांसी आना
- मुंह में कड़वा स्वाद



Pro. Dr. Vinod Kumar Singh
Consultant Laparoscopic Surgeon
17 Years of Experience in advanced laparoscopic Surgery & Surgical Gastroenterology

लीवर की निःशुल्क फाइब्रोटैकन जांच 14 एवं 28 मई 2026

मूत्र प्रवाह की निःशुल्क जांच 19 मई 2026

विटामिन D3 की निःशुल्क जांच 22 मई 2026

डायबिटीक फुट की निःशुल्क जांच 29 मई 2026

नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)

मो.: 0771-4088820, 9109125524, 95899 56859

सत्यमेव जयते
भारत सरकार


सोमनाथ
अनंत ऊर्जा का अनुभव


छत्तीसगढ़ शासन

सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥

सोमनाथ

विरासत के 75 साल





सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है।
1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।

श्री सोमनाथ मंदिर परिसर
प्रभास पाटन

8 से 11 मई, 2026

इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें

मुख्य गतिविधियां

कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन | सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन

“ सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है। ”
– प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी (अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)

सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

रायपुर
शुक्रवार 8 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 24, अंक : 287
पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 39.2
न्यून. 24.4

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, हाईकोर्ट ने आबंटित सीटों को ऑनलाइन करने भी कहा

हाईकोर्ट ने पूछा- सिर्फ एक सीट पर गरीब बच्चों का एडमिशन तो क्या सिर्फ 4 बच्चों से स्कूल चल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षा के अधिकार के तहत कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया की धीमी रफ्तार को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने राज्य शासन से शपथ पत्र में पूरी जानकारी विस्तृत तौर पर मांगी है। इसमें सरकार को बताना होगा कि किस स्कूल में कितनी सीटों पर और किस बच्चे का एडमिशन हुआ है। हाईकोर्ट राज्य सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए शपथ पत्र से नाराज भी हुआ। इसमें सरकार ने बताया है कि राज्य के 387 स्कूलों में एडमिशन के लिए एक भी आवेदन नहीं आया तो 366 ऐसे स्कूल हैं जिसमें कुल सीटों के मुकाबले आवेदन काफी कम रहे हैं। इसमें प्रदेश के सभी बड़े स्कूल शामिल है। हाईकोर्ट ने इस पर भी आश्चर्य जताया कि क्या बड़े स्कूलों में गरीब बच्चे पढना ही नहीं चाहते या फिर राज्य सरकार कुछ छिपा रही है। कोर्ट ने आबंटित सीटों को आनलाइन भी करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

सरकार ने कहा, 387 स्कूलों में एक भी आवेदन नहीं तो 366 ऐसे स्कूल हैं जहां कम आवेदन



एडमिशन प्रक्रिया में तो अगस्त बीत जाएगा

इधर एडमिशन प्रक्रिया पर नजर डालें तो काउंसलिंग प्रक्रिया में 13 से 17 अप्रैल तक लॉटरी एवं आवंटन किया गया। जिसके बाद छात्रों को 1 से 30 मई तक प्रवेश लेने होंगे। द्वितीय चरण की प्रक्रिया 8 जून से शुरू हो जाएगी। जिसमें नए स्कूलों का रजिस्ट्रेशन होगा। उसके बाद 1 से 11 जुलाई तक छात्र पंजीयन होंगे। फिर 27 से 31 जुलाई तक लॉटरी एवं आवंटन होगा। जिसके बाद छात्रों को स्कूल में दाखिला 3 से 17 अगस्त तक लेना होगी।

हजारों बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा

अब गुरुवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने अधिकारियों से पूछा कि लापरवाही क्यों बरती जा रही है। कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव को मामले में विस्तृत हलफनामा दाखिल करने कहा है। इसमें अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी गई है। ध्यान रहे आरटीई के तहत कुछ अन्य मामलों की सुनवाई पहले से चल रही है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि जब सत्र शुरू हो चुका है तो गरीब बच्चों का दाखिला कब होगा, क्या प्रशासन की लापरवाही से हजारों बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा।

सीटों के मुकाबले आवेदन काफी कम रहे

हाईकोर्ट राज्य सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए शपथ पत्र से नाराज भी हुआ। इसमें सरकार ने बताया है कि राज्य के 387 स्कूलों में एडमिशन के लिए एक भी आवेदन नहीं आया तो 366 ऐसे स्कूल हैं जिसमें कुल सीटों के मुकाबले आवेदन काफी कम रहे हैं। कई स्कूलों में एक या दो सीटों पर एडमिशन की जानकारी दी गई है। इस पर भी कोर्ट ने सख्ती से पूछा कि स्कूल में एक बच्चों का एडमिशन हो रहा है तो क्या कुल 4 बच्चे ही उस स्कूल में पढ़ रहे हैं। ध्यान रहे कि आरटीई के तहत कुल सीटों के 25 प्रतिशत पर गरीब बच्चों को एडमिशन दिया जाना है।

खबर संक्षेप

पुडुचेरी के मुख्यमंत्री रंगासामी का इस्तीफा



पुडुचेरी। एआईएनआरसी प्रमुख एन रंगासामी ने पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और यहां लोक भवन में उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। रंगासामी ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि वह जल्द ही उपराज्यपाल से मिलेंगे और नयी सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

नीट अभ्यर्थी ने असफलता के डर से की आत्महत्या

भुवनेश्वर। ओडिशा के भद्रक जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) की तैयारी करने वाला 19 वर्षीय युवक अपने घर पर फंदे पर लटका मिला। मृतक के परिवार का आरोप है कि उसने तीन मई को हुई मेडिकल प्रवेश परीक्षा में असफल होने के डर से आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान ज्योति प्रकाश बारिक के रूप मे हुई है। वह तिहिडी प्रखंड के नुंदा गांव का रहने वाला था। वह

20 लाख की 'ब्राउन शुगर' जब्त, आठ गिरफ्तार

सरायकेला/चतरा। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 16.50 लाख रुपए मूल्य की 'ब्राउन शुगर' जब्त की है। एक खुफिया सूचना पर कपाली पुलिस चौकी प्रभारी धीरंजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने बुधवार को बंधुगोड़ा इलाके के एक घर में छापेमारी की।



जल जीवन घोटाला मामले में पूर्व मंत्री गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन में 900 करोड़ के कथित घोटाले से जुड़े मामले में बृहस्पतिवार को पूर्व मंत्री महेश जोशी को गिरफ्तार कर लिया। पूर्व मंत्री की गिरफ्तारी आईएएस के सेवानिवृत्त अधिकारी सुबोध अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद हुई है। राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रहे जोशी को गिरफ्तारी के बाद एक अदालत में पेश किया गया।

सीएम के इस्तीफे से इंकार के बाद राज्यपाल का एक्शन

नई सरकार के लिए रास्ता साफ, अब सीएम नहीं रहीं ममता, बंगाल मंत्रिमंडल बर्खास्त

एजेंसी ⏭ कोलकाता

राज्यपाल आर एन रवि ने विधानसभा भंग कर दी है। ममता बनर्जी ने चुनाव में हार के बाद इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद राज्यपाल ने यह फैसला लिया है। खास बात यह है कि इस्तीफे को लेकर जारी सियासी खींचतान के बीच यह फैसला सीधे संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुआ, जिससे बंगाल में 15 साल पुराना सत्ता का अध्याय अचानक खत्म हो गया। इधर, कोलकाता स्थित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की पहली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए करीब 4,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ बहुस्तरीय सुरक्षा का इंतजाम किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की पहली सरकार का शपथग्रहण समारोह नौ मई को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए 900 ⏭शेष पेज 7 पर

> पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजे आने के तीन दिन बाद राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग करदी है। 4 मई को आए नतीजों में भाजपा को बहुमत मिला है। शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें सीएम का ऐलान हो सकता है। इधर, पुलिस ने भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले की जांच के तहत सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं शुभेंदु ने ममता पर आरोप लगाए हैं।

पीएम रिपोर्ट में खुलासा, तीन गोलियों से मौत

चंद्रनाथ रथ की हत्या के बाद सामने आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पता चला है कि रथ को तीन गोलियां लगी थीं। इसमें से दो सीने में और एक पेट में लगी। इसकी वजह से काफी खून बह गया और शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि रथ की मौत तुरंत ही हो गई थी। चंद्रनाथ का पोस्टमॉर्टम बारासात सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में मेडिकल बोर्ड द्वारा किया गया। इसमें एक डिपार्टमेंट के हेड, दो असिस्टेंट प्रोफेसर थे। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी हुई।



शाह की मौजूदगी में आज विधायक दल की बैठक



कोलकाता में कल भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह भी मौजूद रहेंगे।

इधर, रथ की हत्या मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ के हमलावरों का पता लगाने के लिए कई टीम गठित की गई हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस घटना को सुपारी लेकर हत्या करने वालों ने अंजाम दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक फोरेंसिक टीम गुरुवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची और नमूने एकत्र किए। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। अधिकारी ने कहा, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को देखते हुए ऐसा लगता है कि हत्या पूर्व नियोजित थी।

शुभेंदु बोले

ममता को हराया इसलिए पीए की हत्या

भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि चंद्रनाथ रथ अगर उनके निजी सहायक के तौर पर काम नहीं करते तो शायद उनकी हत्या नहीं होती। उन्होंने दावा किया कि चंद्रनाथ को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह हमसे जुड़े थे और हमने भवानीपुर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनाव में हराया है। उन्होंने भरोसा जताया कि पुलिस हमलावरों को गिरफ्तार कर लेगी।

रथ की मां ने कहा- हार का लिया बदला

अपने बेटे की मौत से स्तब्ध चंद्रनाथ रथ की मां ने दोषियों को उम्रकैद की सजा देने की मांग की और दावा किया कि यह हत्या भवानीपुर में शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ ममता बनर्जी की हार का बदला है। रथ की मां ने टीवी चैनलों से कहा, एक मां होने के नाते मैं किसी के लिए मौत की सजा नहीं मांग सकती।

राज्यपाल से मिले विजय

राज्यपाल ने मांगा बहुमत का सबूत, टीवीके ने दलों से संपर्क साधा



एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बृहस्पतिवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय से कहा कि उनकी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन नहीं है। वहीं, आवश्यक संख्या बल जुटाने के लिए टीवीके ने वाम दलों, वीसीके और आईयूएमएल से समर्थन का अनुरोध किया है। ये दल समर्थन देने के संबंध में दो दिनों के भीतर अपना रुख स्पष्ट कर सकते हैं। संबंधित दल चाहते हैं कि राज्यपाल टीवीके को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करें। विजय अपने मंत्रिमंडल में संभावित सहयोगियों को शामिल करने के लिए तैयार हैं, इसलिए वे संभवतः टीवीके को समर्थन दे सकते हैं।

नहीं जुटा पा रहे 118 का आंकड़ा

टीवीके ने 23 अप्रैल को हुए चुनावों में 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट जीतीं और वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी। हालांकि, पांच विधायकों वाली कांग्रेस ने टीवीके को समर्थन दिया है, लेकिन अभिनेता से नेता बने विजय के नेतृत्व वाली पार्टी सदन में बहुमत के 118 के आंकड़े से अब भी कुछ सीट दूर है।

रिजॉर्ट में विधायक

तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी सस्पेंस के बीच अब रिजॉर्ट पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। अन्नाद्रमुक ने अपने 15 से ज्यादा विधायकों को टूट-फूट के डर से पड़ोसी केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के एक बड़े रिजॉर्ट में भेज दिया। तमिलनाडु में राजनीतिक जोड़-तोड़ और बहुमत के आंकड़े को लेकर हलचल लगातार तेज बनी हुई है।

मुंबई में एक परिवार की संदिग्ध मौत पर खुलासा

तरबूज से नहीं, चूहे मारने की दवा से हुई थी चार की मौत

एजेंसी ⏭ मुंबई

दक्षिण मुंबई के पायधुनी इलाके में पिछले महीने एक परिवार के चार सदस्यों की मौत चूहे मारने की दवा खाने के कारण हुई थी। परिवार के चार सदस्यों की मौत तरबूज खाने से नहीं हुई, जैसा माना जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि मृतकों अब्दुल्ला डोकाडिया (44), उनकी पत्नी नसरीन (35) और उनकी बेटियों आयशा (16) एवं जैनब (13) के आंतरिक अंगों की जांच करने वाले विशेषज्ञों को उनमें जिंक फॉस्फाइड के अंश मिले।



पार्टी के बाद हुई थी मौत

डोकाडिया परिवार ने 25 अप्रैल की रात अपने रिश्तेदारों के लिए एक छोटी सी पार्टी का आयोजन किया था। मेहमानों के जाने के कुछ घंटों बाद रात करीब एक बजे परिवार के चारों सदस्यों ने तरबूज खाए। कुछ देर बाद उन्हें तेज उल्टी और दस्त होने लगे और उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सरकारी जेजे अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इंडिगो में टला बड़ा हादसा

टर्बुलेंस में फंसी फ्लाइट, डर से चीखने-चिल्लाने लगे यात्री

एजेंसी ⏭ पटना

आसमान में उस वक्त बड़ा हादसा टल गया, जब इंडिगो की एक फ्लाइट खराब मौसम की चपेट में आ गई। विमान जब पटना एयरपोर्ट पर उतरने वाला था, तभी अचानक तेज झटके लगने लगे। यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई और लोग डर के मारे चीखने-चिल्लाने लगे। विमान में सवार लोगों को अनहोनी का डर सताने लगा था। लेकिन इस मुश्किल घड़ी में विमान की कमान संभाल रहे अनुभवी पायलट और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने धैर्य नहीं खोया।



राजीव प्रताप रूडी की सूझबूझ आई काम

विमान को कोई और नहीं बल्कि बिहार के सारण से भाजपा सांसद और अनुभवी पायलट राजीव प्रताप रूडी उड़ा रहे थे। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लैंडिंग का जोखिम नहीं लिया। उन्होंने एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया और तत्काल विमान का रुख लखनऊ की ओर मोड़ दिया। उनकी इस तत्परता ने एक बड़ी आपदा को टाल दिया।



दहशत के चलते बस्तर के 24 हजार हेक्टर क्षेत्र जंगल में कोई फटकता न था, अब पहुंचने लगे वन कर्मी

नक्सली भय से जहां वन कर्मियों ने कभी पैर नहीं रखा, वहां अब 12 डिप्टी रेंजर





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही वन विभाग अब कभी बेहद संवेदनशील रहे इलाकों तक पहुंच रहा है। नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले बस्तर के तुलसी डोंगरी, सुकमा, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के दुर्गम वनांचलों में 24 हजार हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र में वन कर्मियों की सक्रियता बढ़ी है। नक्सलगढ़ रहे ऐसे जंगल में डिप्टी रेंजर बीट गार्ड के साथ सर्चिंग कर रहे हैं। सुरक्षाबलों ⏭शेष पेज 7 पर

अलग खबर



अवैध कटाई व शिकार रोकने जुटे

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि पदोन्नति के बाद 12 डिप्टी रेंजरों को बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा जिलों के अंदरूनी क्षेत्र में जहां वन कर्मी, अधिकारी नहीं रहे, वहां पदस्थ किया गया है। वे ग्रामीणों से मिलकर अवैध कटाई, अवैध परिवहन एवं वन्य जीवों के शिकार रोकने का प्रयास करेंगे। शासन ने पहले भी डिप्टी रेंजर पदस्थ थे पर दहशत के चलते अंदरूनी क्षेत्र में नहीं जाते थे पर अब जंगल में सर्चिंग कर रहे हैं।

24 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बढ़ पहुंच

बस्तर संभाग के बस्तर वन मंडल में 3.58 लाख हेक्टर में से 6 हजार हेक्टर, बीजापुर वन मंडल में 3.53 लाख हेक्टर में से 6 हजार हेक्टर, दंतेवाड़ा वन मंडल में 1.27 लाख हेक्टर में से 6 हजार हेक्टर एवं सुकमा वन मंडल में 3.44 लाख हेक्टर में से 6 हजार हेक्टर जंगल नक्सली दहशत से छूटे रहे। अब नक्सल मुक्त होने के चलते चारों जिलों के लगभग 24 हजार हेक्टर जंगल में वन कर्मी सर्चिंग कर रहे हैं।

रिश्वत लेने का लगा था आरोप
दोषी पाते ही अदालत ने दिया आदेश

रिश्वत पर जीरो टालरेंस, चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन में नेताओं और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार या देश से की गई गद्दारी के आरोप के बाद कड़े एक्शन लिए जाते हैं। कई मामलों में मौत की सजा भी सुनाई जाती है। चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है। इस बीच चीन से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां पर दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा सुनाई गई है। दरअसल, चीन की एक अदालत ने दोनों पूर्व रक्षा मंत्रियों को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में दोषी पाया और उन्हें सीधे मौत की सजा सुनाई है। हैरान करने वाली बात है कि रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि इनमें से एक नेता चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी बताए जा रहे हैं।

जानिए कब रहे चीन के रक्षा मंत्री

गौरतलब है कि वेई फेंगहे ने साल 2018 से 2023 तक चीन के रक्षा मंत्री के रूप में काम किया है। वहीं, ली शांगफू उनके बाद कुछ महीनों के लिए मंत्री बने थे। इन दोनों ने एक समय पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी राकेट फोर्स की कमान भी संभाली थी।

जिनपिंग ने अपने मातहतों को दी मौत

दिलचस्प बात यह है कि चीन ने अपने जिन दोनों पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा दी है, वह दोनों राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सानिध्य में काम कर चुके हैं। वह जिनपिंग की अध्यक्षता वाले केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य भी रहे हैं। बावजूद जिनपिंग ने उन पर कोई रहम नहीं दिखाया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिनपिंग भ्रष्टाचार के खिलाफ कितने सख्त हैं।

जिनपिंग के करीबी माने जाते हैं सजा पाने वाले दोनों नेता

पहले दो साल राहत

इन दोनों मंत्रियों को पहले दो साल की राहत के साथ मौत की सजा सुनाई गई है। सजा पाने वाले नेताओं की पहचान वेई फेंगहे और ली शांगफू के तौर पर हुई है, जिन्हें चीन की सैन्य अदालत ने अलग-अलग मामलों में मौत की सजा सुनाई है। फेंगहे पर हाल में ही रिश्वक लेने का आरोप लगा था। वहीं, दूसरे पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू पर रिश्वत लेने के साथ रिश्वत देने का भी आरोप लगा है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों को दो साल की राहत के साथ मौत की सजा सुनाई है।





जिनपिंग ने स्वयं बनाया था फेंघे को रक्षामंत्री

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वी फेंघे को खुद रक्षा मंत्री के लिए चुना था। वी फेंघे 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री रहे, वहीं शांगफू ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में कुछ ही महीने पहले ही यह पदभार ग्रहण किया था। फेंघे और शांगफू दोनों चीन के एयरोस्पेस इंजीनियर थे। दोनों ने 2015 में स्थापित पीपल्स लिबरेशन आर्मी की अति महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का नेतृत्व किया था।

पहले भी कई नेता पा चुके हैं सजा

बता दें कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सत्ता में आने के बाद चीन में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती रही है। शी जिनपिंग ने 2012 में सत्ता में आने के बाद से भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है, जिसमें कई सैन्य जनरल समेत दस लाख से अधिक अधिकारियों को सजा सुनाई जा चुकी है। हालिया घटना चीन में सैन्य और राजनीतिक नेताओं के बीच चल रही सख्ती का एक उदाहरण है।

खबर संक्षेप

गुरुग्राम में राहुल की 'सद्भाव यात्रा'

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज गुरुग्राम में कांग्रेस की 'सद्भाव यात्रा' मं शामिल होंगे। हरियाणा की राजनीति में इसे कांग्रेस के लिए एक बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं का मानना है कि राहुल गांधी की मौजूदगी न केवल कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरेगी, बल्कि राज्य में बिखरी हुई कांग्रेस इकाइयों को एक मंच पर लाने का भी संदेश देगी। यह यात्रा पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा निकाली जा रही राज्यव्यापी 'सद्भाव यात्रा' का हिस्सा है।



नोएडा में उड़ानों का इंतजार खत्म! टिकटों की बिक्री शुरू

नई दिल्ली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर के करोड़ों लोगों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। जेवर में बने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत की आधिकारिक तारीख और रूट फाइनल हो गया है। इंडिगो आज से अपनी उड़ानों के लिए टिकटों की बिक्री शुरू करने जा रही है। एयरपोर्ट से पहली कमर्शियल फ्लाइट 15 जून को उड़ान भरेगी। यह न सिर्फ जेवर एयरपोर्ट के लिए बल्कि देश के एविएशन सेक्टर के लिए एक बड़ा मील का पत्थर होगा।

सीएनन न्यूज फाउंडर टर्नर का निधन

न्यूयार्क। मशहूर मीडिया इंडस्ट्रियलिस्ट टेड टर्नर का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। यह जानकारी उनकी कंपनी टर्नर एंटरप्राइजेज ने दी। टेड टर्नर वही शख्स थे जिन्होंने सीएनएन की शुरुआत की और दुनिया को 24 घंटे चलने वाले न्यूज चैनल का नया तरीका दिया। उस समय यह एक जोखिम भरा आइडिया था, लेकिन बाद में यही मॉडल पूरी दुनिया में अपनाया गया। टर्नर अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने सिर्फ न्यूज ही नहीं, बल्कि एंटरटेनमेंट चैनल, फिल्म और कार्टून चैनल भी शुरू किए। इसके अलावा वे अमेरिका की मशहूर बेसबॉल टीम अटलांटा ब्रेव्स के मालिक भी रह चुके थे। उनकी वजह से लोगों को दुनिया की खबरें रियल टाइम देखने को मिलने लगीं।

बिहार में सम्राट चौधरी की अगुवाई वाले मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार

निशांत सहित बनाए गए 32 मंत्री, जातीय और सामाजिक समीकरण को साधने की कवायद

बिहार में नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के बाद सम्राट चौधरी 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री बने। सम्राट के साथ जेडीयू से डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव बने थे। अब सरकार गठन के 22 दिन के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया, जिसमें नए 32 मंत्रियों ने शपथ ली।

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में सम्राट चौधरी की अगुवाई वाले मंत्रिमंडल का गुरुवार को विस्तार हो गया है। पटना के गांधी मैदान में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने 32 नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई, जिसमें बीजेपी से 15 और जेडीयू से 13 मंत्री बनाए गए हैं तो एनडीए बाकी घटक दल से तीन मंत्री बने हैं। इस तरह से सीएम और दोनों डिप्टीसीएम को मिलाकर अब मंत्रिमंडल में कुल 35 सदस्य हो गए हैं। एनडीए ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए बिहार के जातीय और सामाजिक समीकरण को साधने की कवायद की है। सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की भी एंट्री हो गई है। निशांत कुमार ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है।

नीतीश के बेटे को मिला स्वास्थ्य मंत्रालय

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, सिविल विमानन और ऐसे सभी विभाग अपने पास रखे हैं जो किसी अन्य मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं। डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन और संसदीय कार्य विभाग दिया गया है, जबकि दूसरे डिप्टी सीएम बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वित्त और वाणिज्य कर विभाग सौंपा गया है। निशान्त कुमार को स्वास्थ्य विभाग सौंपा गया है। सरकार ने विभागों का वितरण कर प्रशासनिक जिम्मेदारियां स्पष्ट कर दी हैं।

बीजेपी से 15 और जेडीयू से बनाए गए हैं 13 मंत्री

दर्जनभर मंत्रियों का है सियासी परिवार से ताल्लुक



तीन पूर्व सीएम के बेटे बने मंत्री

सम्राट सरकार में एक दर्जन के करीब मंत्री ऐसे बने हैं, जिनका सियासी ताल्लुक किसी न किसी राजनीतिक परिवार से है। निशांत कुमार सहित सम्राट कैबिनेट में तीन मंत्री ऐसे हैं, जिनके पिता बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। यही वजह है कि बिहार में बनी सम्राट सरकार को 'सन ऑफ सरकार' कहा जा रहा है। निशांत इकलौते नेता नहीं है, जिनते पिता सूबे के सीएम रहे हैं। इस फेहरिश्त में नीतीश मिश्रा का भी नाम है, जिनके पिता जगननाथ मिश्रा है, जो बिहार के सीएम रहे हैं। बिहार के तीन बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय जगन्नाथ मिश्रा के पुत्र नीतीश मिश्रा हैं। कैबिनेट में सबसे ज्यादा चर्चा संतोष कुमार सुमन की रही। संतोष सुमन, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे हैं। कैबिनेट विस्तार में उन चेहरों की भी चमक दिखी जिनके पिता दशकों तक बिहार सरकार में 'किंगमेकर' रहे. अशोक चौधरी इसका सबसे सटीक उदाहरण हैं।

कभी रिक्शा चलाते थे, मंत्री बने रत्नेश



जदयू कोटे से मंत्री बनने वालों में एक नाम चार बार के विधायक रत्नेश सदा का भी है। 55 वर्षीय रत्नेश सोनबरसा से विधायक हैं। उनके पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। शुरुआत में रत्नेश ने गुजर-बसर के लिए रिक्शा तक चलाया है। 1987 में जदयू से जुड़े थे। उसके बाद 2010, 2015, 2020 और हालिया 2025 का चुनाव उन्होंने जीता। 2023 में नीतीश ने उन्हें मद्य निषेध विभाग का मंत्री बनाया था।

सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक प्रथाओं को लगातार चुनौती पर जताई चिंता

धार्मिक रीति-रिवाजों पर सवाल उठाने से सभ्यता पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को टिप्पणी की कि यदि लोग धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों पर संवैधानिक अदालत में सवाल उठाने लगेंगे तो विभिन्न रीति-रिवाजों और परंपराओं पर सवाल उठाने वाली सैकड़ों याचिकाएं दायर होंगी, जिससे धर्मों और सभ्यता के विघटन का खतरा पैदा हो जाएगा। नौ न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ महिलाओं के साथ धार्मिक स्थलों पर होने वाले भेदभाव से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। इनमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला भी शामिल है। साथ ही, यह पीठ दाऊदी बोहरा समुदाय सहित विभिन्न धर्मों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार कर रही है। पीठ में प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। दाऊदी बोहरा समुदाय के केंद्रीय बोर्ड ने 1986 में एक जनहित याचिका दायर कर 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की थी जिसने बॉम्बे बहिष्कार निवारण अधिनियम, 1949 को निरस्त कर दिया था - इस कानून के तहत समुदाय के किसी भी सदस्य का बहिष्कार करना अवैध था।



दाऊदी बोहरा समुदाय की मांग

दाऊदी बोहरा समुदाय के केंद्रीय बोर्ड ने 1986 में एक जनहित याचिका दायर कर 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की थी जिसने बॉम्बे बहिष्कार निवारण अधिनियम, 1949 को निरस्त कर दिया था - इस कानून के तहत समुदाय के किसी भी सदस्य का बहिष्कार करना अवैध था।

प्रसन्ना बी वराले, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। दाऊदी बोहरा समुदाय के केंद्रीय बोर्ड ने 1986 में एक जनहित याचिका दायर कर 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की थी जिसने बॉम्बे बहिष्कार निवारण अधिनियम, 1949 को निरस्त कर दिया था - इस कानून के तहत समुदाय के किसी भी सदस्य का बहिष्कार करना अवैध था।

कोर्ट ने क्या कहा?

इस दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि यदि हर कोई कुछ धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों को संवैधानिक अदालत में चुनौती देने लगे तो 'इस सभ्यता का क्या होगा, जहां धर्म भारतीय समाज से इतनी गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, इस अधिकार या उस अधिकार को चुनौती देने वाली, मंदिर खोलने और मंदिर बंद करने के अधिकार को लेकर सैकड़ों याचिकाएं दायर की जाएंगी। हम इस बात से अवगत हैं।

दो दोस्तों ने ट्रंप को दिया बड़ा झटका

सऊदी, कुवैत ने अमेरिका को बेस देने से किया इंकार



एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

मिडिल ईस्ट में अब भले ही सीधे तौर पर जंग न चल रही हो लेकिन हालात अभी भी संवेदनशील हैं। अमेरिका और ईरान लगातार सक्रिय हैं। इसी बीच अमेरिका के 2 पक्के दोस्तों ने अमेरिका को झटका दिया है। सऊदी अरब और कुवैत ने अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों और हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया। ऐसा इसलिये क्योंकि दोनों देश प्रोजेक्ट फ्रीडम को उन्हें बिना विश्वास में लिए शुरू किए जाने से नाराज थे। एनबीसी न्यूज के हवाले से खबर ये है कि उनकी नाराज़गी की ही वजह राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रोजेक्ट फ्रीडम अभियान को रोक दिया। सऊदी अरब, ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध खत्म करने के लिए पाकिस्तान की कूटनीतिक कोशिशों का समर्थन कर रहा है।

इधर, ट्रंप डील को लेकर हैं आशावादी

इधर, राष्ट्रपति ट्रंप ने हालांकि जोर दिया है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए, लेकिन वे डील पर आशावादी हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ बातचीत सकारात्मक चल रही है है और ईरान की सैन्य क्षमता कमजोर होने से समझौता संभव है। अमेरिका-ईरान युद्ध में अभी तक भारी नुकसान हुआ है। ईरान के 3,468+ लोग मारे गए। 26,500 घायल हैं। $270 अरब का सीधा आर्थिक नुकसान हुआ हैं। वहीं अमेरिका के 15 सैनिक मारे गए और 538 घायल हैं। इजरायल के 18 सैनिक और 28 नागरिक मारे गए। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका ने ईरान पर हमला करके युद्ध शुरू किया।

ईरान के विदेश मंत्री ब्रिक्स के लिए आएंगे भारत!

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस महीने भारत आ सकते है। वे 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली ब्रिक्स बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान चाहता है कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने में रचनात्मक भूमिका निभाए। यह दौरा होता है तो क्षेत्रीय संघर्ष शुरू होने के बाद यह अराघची की पहली भारत यात्रा होगी। मार्च में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत के दौरान भी अराघची ने ब्रिक्स की भूमिका का मुद्दा उठाया था। ईरानी सरकार के मुताबिक उन्होंने कहा था कि मौजूदा हालात में ब्रिक्स जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

मणिपुर में सुबह 4 बजे कई गांवों पर किया हमला

म्यांमार बार्डर से भारत में घुसे उग्रवादियों ने जलाए मकान

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए। चोरो में एक चर्च को छोड़कर कई घरों को नुकसान पहुंचा। बाद में असम राइफल्स समेत सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।



विधायक ने कुकी नेशनल आर्मी पर साधा निशाना

फुंगयार से विधायक एल केइशिंग ने आरोप लगाया कि हमला म्यांमार की ओर से आए उग्रवादी संगठनों कुकी नेशनल आर्मी (बर्मा) और पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीफ) ने किया। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य में अंदरूनी संघर्ष हो रहे थे, लेकिन अब बाहरी हमला हुआ है। एल केइशिंग ने कहा कि करीब साढ़े तीन बजे चार से पांच सीमा गांवों पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि कई घर जल गए हैं, हालांकि किसी की मौत नहीं हुई है। दो लोग, जिनमें एक महिला शामिल है, अब भी लापता हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उन्हें हथियारबंद उग्रवादी अपने साथ ले गए।

'सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर सेना ने कहा- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी

पाक के किसी भी आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर सकती है हमारी सेना

एजेंसी ▶▶| जयपुर

'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। यह अभियान अंत नहीं, बल्कि शुरुआत थी। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ता रहेगा। जयपुर में गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 से ज्यादा जवानों और टेररिस्ट कैंप में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई है। सेना ने कहा कि पहलगाम हमले में मारे गए हमारे भाई-बहनों को हम वापस नहीं ला सकते, लेकिन यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि ऐसा हमला दोबारा न हो। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, एयर मार्शल अवधेश कुमार और वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद सहित सेना के कई अधिकारी मौजूद रहे। डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) और डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि आत्मनिर्भर केवल एक नारा नहीं है, बल्कि वास्तव में हमारी शक्ति को कई गुना बढ़ाने वाला है।



1 हम घर में घुसकर मारते हैं

सेना ने पाकिस्तान को सख्त संदेश दिया कि ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि भारत केवल अपनी सीमाओं तक सीमित नहीं है बल्कि, दुश्मन के घर में घुसकर चोट करने की क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति रखता है।
लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, थल सेना(डीजीएमओ)

2 वायुसेना का जलवा कायम रहा

वायु सेना ने हवाई प्रभुत्व और तकनीकी प्रगति पर जोर दिया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस को पंगु बना दिया था और उनके 13 लड़ाकू विमान नष्ट किए थे।
एयर मार्शल एके भारती, वायुसेना

3 हिंद महासागर में हमारी पकड़ मजबूत

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना ने कराची और अन्य बंदरगाहों की ऐसी घेराबंदी की थी कि दुश्मन की रसद आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। हिंद महासागर में भारत की पकड़ अब पहले से कहीं अधिक मजबूत है।
वाइस एडमिरल एएन प्रमोद, नौसेना

पाक के पास क्या ये हमें पता है



पाकिस्तान के पास क्या है ये भारत को अच्छी तरह पता है। उनके द्वारा बनाए जा रहे ढांचे से भी हम लोग अवगत है। हमें ये भी पता है कि वे हमारे खिलाफ क्या ला सकते हैं?
लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए. मिनवाला
डीसीआईडीएस

सियासी अटकलें हुईं तेज

बंगाल में ममता की बैठक से 10 विधायक गायब

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। विधानसभा चुनाव में मिली करारी मात के बाद टीएमसी में आत्ममंथन शुरू हो गया है। ममता बनर्जी ने अपने कालीघाट स्थित आवास पर टीएमसी विधायकों की बैठक बुलाई थी, जिसमें पार्टी के 80 में से 70 विधायक पहुंचे और 10 विधायक अनुपस्थिति रहे। टीएमसी विधायक दल के नेता चुनने के लिए बुलाई गई बैठक में पार्टी के 10 विधायक की गैर-मौजूदगी ने पश्चिम बंगाल की सियासत में नई अटकलों को जन्म दे दिया है। हालांकि टीएमसी की ओर से कहना है कि कुछ विधायकों को कार्यकर्ताओं की मदद के लिए अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में ही रहने के निर्देश दिए गए थे। अन्य विधायक कथित तौर पर मेडिकल इमरजेंसी और निजी कारणों से अनुपस्थित थे। इस तरह से टीएमसी ने पार्टी के भीतर किसी भी तरह की असहमति या मतभेद की अटकलों को कम करने की कोशिश की है।



गुणवत्ता पर उठे सवाल

हाथों से उखड़ रही जनमन योजना से बनाई गई सड़क की परतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश, पीएमजीएसवाई के उप अभियंता को नोटिस

पीएमजीएसवाई के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली संरक्षित जनजाति के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने बनाई गई सड़क बनते ही उखड़ने लगी है। आलम यह है कि ग्रामीण हाथों से सड़क पर बिछाई गई डामर की परतें उखाड़ ले रहे हैं। गुणवत्ताहीन सड़क के निर्माण से ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस मामले में जांच और कार्रवाई की मांग की है। पीएमजीएसवाई की सड़क को हाथ से उखाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इधर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जांच निर्देश दी है वहीं उप अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बता दें कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पीवीटीजी ग्रामीणों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासन के निर्देश पर पीएम जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य कराए जा रहे है। ऐसे ही एक सड़क का निर्माण मैनपाट विकासखंड के ग्राम कदनई से लोटाभावना के बीच कराया जा रहा है। दशकों से इस मार्ग पर कोई पक्की सड़क नहीं थी। ऐसे में ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पीएम जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के गांव में सर्वे कर सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया गया। बड़ी बात यह है कि मैनपाट विकासखंड में इसी तरह से पीएमजीएसवाई द्वारा 14 सडकों के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इनमें से कदनई से लोटाभावना के बीच 2.50 किमी सड़क का निर्माण 1 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से कराया जा रहा है लेकिन बड़ी बात यह है कि यह सड़क बनने के बाद ही उखड़ने लगी है। सड़क की गुणवत्ता को लेकर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमे एक महिला नव निर्मित सड़क पर बिछाई गई डामर की परत को अपने हाथों से उखाड़ रही है। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा भी सड़क पर बिछाई गई डामर की परत को आसानी से उखाड़ दिया गया।



खास खबर

नोटिस किया गया जारी

सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायत मिली है। वीडियो भी सामने आया है। पीएमजीएसवाई के ईई को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उप अभियंता को नोटिस जारी किया गया है। तीन दिनों में जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

-अजीत वसंत, कलेक्टर, सरगुजा

पहली बारिश भी नहीं झेल पाएगी सड़क

सड़क की गुणवत्ता से किए गए खिलवाड़ से ग्रामीणों में रोष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए गांव में जब सर्वे किया गया था वो वे काफी खुश थे लेकिन अब सड़क की हालत देखकर तकलीफ हो रही है। आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार के लोगो ने विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का जमकर फायदा उठाया और डब्ल्यूबीएम व जीएसबी के कार्य में लापरवाही बरती गई। बिना मानक का पालन किए सड़क पर डामर बिछा दिया गया लेकिन अब डामर की परत के नीचे सिर्फ मिट्टी ही है। इस सड़क पर ट्रैक्टर चलना भी मुश्किल है और करोड़ो की सड़क पहली बारिश भी नहीं झेल पाएगी जिससे आदिवासी क्षेत्र के ग्रामीणों को फिर से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

हाईकोर्ट के 11 अधिवक्ता बने सीनियर एडवोकेट

बिलासपुर। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने अधिसूचना जारी कर सीनियर एडवोकेट के रूप में 11 अधिवक्ताओं को नामित किया है। इसमें शैलेन्द्र दुबे, रणवीर सिंह मरहस, हमीदा सिद्दीकी, यशवंत ठाकुर, अनूप मजूमदार, नीलाभ दुबे, अमृतो दास, मतीन सिद्दीकी, नौशिना अफरीन अली, अरविंद श्रीवास्तव, और तारेंद्र कुमार झा शामिल हैं। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय किसी वकील को उनके अनुभव (आमतौर पर 10-15 वर्ष से अधिक), योग्यता, प्रतिष्ठा और कानून में ज्ञान के आधार पर वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित करता है। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कानूनी पेशे का उच्चतम स्तर होते हैं, जो मुख्य रूप से जटिल मामलों में अदालत में बहस कानूनी राय देने और संवैधानिक/ व्यापारिक मामलों में विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।



कहीं चालान के बदले रिश्वत, तो कहीं आरोपी से गले मिलता दिखा कॉन्स्टेबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले की पुलिस एक बार फिर सोशल मीडिया पर वायरल हुए दो वीडियो को लेकर सवालों के घेरे में आ गई है। एक वीडियो में ट्रैफिक विभाग का सब इंस्पेक्टर चालान के बदले युवक से कथित रूप से 200 रुपए लेते नजर आ रहा है, जबकि दूसरे वीडियो में वर्दीधारी कॉन्स्टेबल हत्या के प्रयास के आरोपी युवक से हाथ मिलाते और गले मिलते दिखाई दे रहा है। पहले मामले में ट्रैफिक एसआई को लाइन अटैच कर दिया गया है। वहीं दूसरे मामले में अभी जांच जारी है। पहला मामला दुर्ग ट्रैफिक विभाग से जुड़ा बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर महेश्वर देवांगन सड़क किनारे एक युवक से बात करते नजर आते हैं। इसी दौरान युवक उन्हें पैसे देता दिखाई देता है। वीडियो में कथित रूप से यह आवाज भी सुनाई दे रही है कि सब इंस्पेक्टर युवक से पैसे गिनने के लिए कह रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही मामला पुलिस अधिकारियों तक पहुंचा। मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक टीआई टीडी चंद्रा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर महेश्वर देवांगन को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं दूसरा वायरल वीडियो पावर हाउस रेलवे स्टेशन के सामने का बताया जा रहा है। वीडियो में दुर्ग छावनी थाना में पदस्थ कॉन्स्टेबल प्रमोद साहू एक युवक से हाथ मिलाते और गले मिलते नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि युवक खिलाफ जामुल थाना में हत्या के प्रयास यानी धारा 307 के तहत मामला दर्ज है और फिलहाल जमानत पर बाहर है और वह पहले भी जेल जा चुका है। हालांकि दूसरे वीडियो को लेकर अब तक विभाग की ओर से किसी प्रकार की आधिकारिक कार्रवाई सामने नहीं आई है। छावनी सीएसपी प्रशांत कुमार पैकरा ने बताया कि अभी जांच जारी है।

- दुर्ग पुलिस के दो वीडियो वायरल ट्रैफिक एसआई लाइन अटैच



हालेकोसा निवासी दिनेश के खिलाफ समिति ने की शिकायत

पं.मिश्रा की शिवपुराण कथा के नाम पर 21 लाख की धोखाधड़ी, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा को लेकर एक और नया विवाद सामने आ गया है। वनांचल क्षेत्र अंबागढ़ चौकी की भोलेनाथ सेवा समिति ने ज्ञापन देकर हालेकोसा निवास दिनेश साहू के खिलाफ शिवपुराण कथा के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते कार्रवाई की मांग की है। छुरिया पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। समिति का कहना है कि उनसे कथा के नाम पर अब तक 21 लाख रुपए लिए जा चुके हैं और 8 से 14 मई के बीच की तारीख दी गई थी, लेकिन सिहोर स्थित कार्यालय में जब इसको लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि भोलेनाथ सेवा समिति के नाम पर कोई बुकिंग ही नहीं की गई है। जिसके बाद ही दिनेश साहू के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराने समिति ने आवेदन सौंपा है।

भोलेनाथ सेवा समिति ने आवेदन में बताया कि पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ में होने वाली उनकी हर कथा में यह कहा जाता है कि हालेकोसा के माध्यम से बुकिंग ली जाती है। यही कारण था कि समिति ने दिनेश साहू से संपर्क कर शिवमहापुराण कथा के लिए पहले 24 फरवरी को पांच लाख रुपए दिए। जिसके बाद 11 मार्च को कथा के लिए 16 लाख रुपए दिए गए थे। पैसा दिए जाने के बाद दिनेश साहू द्वारा 8 से 14 मई के बीच कथा को लेकर तारीख भी बताई गई थी। इसी आधार पर समिति ने प्रशासन से अनुमति लेने एवं पोस्टर-बैनर के माध्यम से प्रचार का काम भी शुरू कर दिया था।

- छुरिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की



चिंतन

बंगाल हिंसा के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद एक बार फिर हिंसा की आग में झुलसता दिखाई दे रहा है। चुनाव के बाद जिस तरह हत्या, आगजनी, तोड़फोड़ और राजनीतिक प्रतिशोध की घटनाएं सामने आई हैं, वह बेहद चिंताजनक हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर आम जनता कब तक राजनीतिक संघर्ष की कीमत अपनी जान और सुरक्षा से चुकाती रहेगी। चुनाव परिणाम चाहे किसी के पक्ष में आए हों, लेकिन हिंसा किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी हार होती है। जीते या हारे दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इस हिंसा में कई लोग जान गंवा बैठे हैं। इनमें भाजपा के प्रमुख नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रकांत रथ समेत कई लोगों की हत्याएं हो गई हैं। कुल मिलाकर राज्य में डर का माहौल है। बंगाल चुनाव के दौरान या बाद में हिंसा कोई नई नहीं है। अब मुख्य मुद्दा यह है कि चुनाव में विजयी हुई भाजपा ने जनता से जो वादे किए हैं, उन पर खरा उतरे और यह दिखने भी चाहिए। राज्य में केंद्रीय बलों की संख्या बहुत है। साथ ही अब एक तरह से राज्य का पूरा तंत्र भी भाजपा के ही हाथ में है। इससे पहले की देर हो, उसे दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हिंसा के दोषियों को पकड़कर सख्ती से निपटना चाहिए, ताकि लोग बदलाव महसूस कर सकें। प्रदेश का माहौल शांत हो और विकास कार्य गति पकड़ सकें। राज्य में कानून व्यवस्था में यह बदलाव दिखाई देना चाहिए। एक दो दिन में नई सरकार की ताजपोशी भी हो ही जाएगी। उससे पहले कानून व्यवस्था को पटरी पर लाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। हालांकि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आम नागरिक को कष्ट नहीं हो और दोषी किसी भी हाल में बचे नहीं। चुनाव आयोग को भी हालात की गंभीरता को देखते हुए 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी पड़ी और बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया, लेकिन केवल गिरफ्तारी कर लेना पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हिंसा के पीछे जो लोग हैं, उन्हें राजनीतिक संरक्षण से ऊपर उठकर कानून के दायरे में लाया जाए। वर्षों से राज्य की राजनीति में राजनीतिक वर्चस्व स्थापित करने के लिए हिंसा का इस्तेमाल एक दुर्भाग्यपूर्ण परंपरा बन चुका है। सत्ता बदलती रही, लेकिन राजनीतिक संघर्ष का तरीका नहीं बदला। यही कारण है कि हर चुनाव के बाद तनाव, डर और असुरक्षा का माहौल बन जाता है। यदि नई सरकार शुरुआत में ही उपद्रवियों को सख्त संदेश देने में सफल रहती है, तो इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। यदि कार्रवाई केवल राजनीतिक विरोधियों तक सीमित रही और वास्तविक दोषियों को संरक्षण मिला, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। नेताओं को अपने समर्थकों को संयम और शांति का संदेश देना चाहिए। राजनीतिक लाभ के लिए नफरत और प्रतिशोध की राजनीति अंततः समाज को ही कमजोर करती है। जनता विकास, रोजगार, शिक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था चाहती है, न कि भय और असुरक्षा का माहौल। चुनाव खत्म हो चुके हैं, अब समय है कि राजनीतिक दल जनता की आकांक्षाओं को समझें और राज्य को स्थिरता तथा विकास की दिशा में आगे बढ़ाएं। लोकतंत्र की असली ताकत शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और कानून के सम्मान में होती है। यदि चुनाव परिणाम के बाद भी लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगे, तो यह किसी भी लोकतंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है। इसलिए बंगाल में हिंसा के दोषियों पर सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई होना लोकतंत्र की रक्षा के लिए भी अनिवार्य है।



वर्षगांठ

नरेंद्र मोदी

सोमनाथ से मिलती है एकता की सीख

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं, जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनुभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा है: प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी।

ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है। 1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया।



भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होतेें नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। 11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं।

पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्र्यंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है। आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

उम्मीद

बृजमोहन अग्रवाल



मोदी की भाजपा बंगाल का पुराना वैभव लौटाएगी

देश का विरोध करते-करते भगवान राम का विरोध करने वालों का यही हश्र होना था। यशस्वी प्रधानमंत्री शनरेंद्र मोदी और चुनावी रणनीति में बेहद चौकन्ने और अब तक के सर्वोच्च कुशल संगठनकर्ता केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की शानदार, दमदार और जानदार राजनयिक जुगलबन्दी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाने के बाद अब बंगाल पर विजय हासिल करके देश को चौतरफा विकास की ओर आगे बढ़ा दिया है। भाजपा पश्चिम बंगाल की 293 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटों की जीत के साथ बंग भूमि को प्राचीन काल की तरह और उर्वर बनाने के लिए बेहद पुख्ता ढंग से काबिज हो गई है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की कश्मीर नीति का प्रखर विरोध करते हुए अपनी जान तक गंवाने वाले मां भारती के अजर अमर लाल और पश्चिम बंगाल में ही जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा आज बंगाल में हर तरफ़ भगवा लहराने से संतृप्त हुई होगी। मैं डॉक्टर साहब के अमर बलिदान को याद करते हुए यही कहना चाहूंगा वंदे मातरम, तेरा वैभव अमर रहे मां...अब हम सभी बड़े गर्व से कह सकेंगे कि जहा जन्में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वह बंगाल भी हमारा है। अब गंगोत्री से गंगासागर तक हम सभी को पतित पावनी मां गंगा का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। चुनाव परिणाम बंगाल के लोगों की सामूहिक राष्ट्रीय चेतना का भव्य प्रदर्शन है। यह जीत देश की राजनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ है। ये जीत सिर्फ बंगाल की जीत नहीं है, ये पूरे देश की जीत है, ये सनातन की जीत है और घुसपैठ के विरोध की जीत है। यह जीत बंगाल में व्याप्त अनार्की (अराजकता) और कानून-व्यवस्था के समाप्त होने के विरुद्ध जनता का जनादेश है। पिछले 15-20 सालों से बंगाल का विकास रुक गया था और जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर थी, जिससे अब उन्हें मुक्ति मिली है। पश्चिम बंगाल की धरती पर भाजपा की यह प्रचंड विजय केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि उस विचार, उस संकल्प और उस बलिदान की गूंज है, जिसकी नींव अखंड भारत के शाश्वत प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने रखी थी। यह जीत उन सपनों की जीत है, जो उन्होंने एक अखंड, सशक्त और आत्मसम्मान से भरे भारत के लिए देखे थे। यह जीत उस राष्ट्रवाद की जीत है, जिसके लिए उन्होंने हर संघर्ष को स्वीकार किया और अंततः अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी तपस्या, त्याग और बलिदान आज हर कार्यकर्ता की प्रेरणा बनकर खड़ा है। यह विजय जन-जन के विश्वास, समर्थन और लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट आस्था का परिणाम है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से अभिनंदन है, जिनके अथक परिश्रम, निष्ठा और जनसेवा के भाव ने इस ऐतिहासिक जीत को संभव बनाया है। भाजपा के नव नियुक्त अध्यक्ष नितिन नवीन के कुशल मार्गदर्शन से पार्टी को ऐसी सुनहरी जीत मिल सकी है। बूथ स्तर से लेकर प्रत्येक क्षेत्र तक कार्यकर्ताओं ने जिस ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य किया, वही इस सफलता की असली ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि आज से बंगाल भयमुक्त हुआ है। पार्टी कार्यकर्ताओं और जन जन में यह विश्वास है कि भाजपा बंगाल को उसका पुराना वैभव देने में अवश्य कामयाब होगी। पहले कांग्रेस फिर वामपंथी दलों और बाद में ममता बनर्जी की अत्याचारी और हिंदू दमनकारी सरकार की वजह से कुंद हो चुके हिंदुत्व ने आपसी प्रेम बंधुत्व और भाई चारे के माहौल में अपनी धर्म संस्कृति और संस्कारों के साथ ख़ुशी-ख़ुशी जीना शुरू कर दिया है। बंगाल के हिंदुओं के चेहरे में एक अपरिमित ख़ुशी झलक रही है। सबसे पहले अंग्रेजों ने उर्वर बंगाल की भूमि का विभाजन कर देश की आर्थिक-सामाजिक संस्कृति को चोट पहुंचाई। कालांतर में वामपंथियों ने 34 साल तक पश्चिम बंगाल में शासन किया और नतीजा यह रहा कि जो राज्य कभी देश की राजधानी हुआ करता था और विकसित राज्यों की श्रेणी में था, वह आज नीचे से भी कहीं नहीं रहा। और फ़िर ममता बनर्जी का आतंक सिंडीकेट माफियाओं ने इस राज्य के लोगों के अमन चैन और ख़ुशहाल संस्कृति का सत्यानाश कर डाला। गत 45 साल यहां के धर्मिक और सामाजिक साथ ही मेहनती और लगनशील लोगों की आवाज को इन्हीं तथाकथित प्रगतिशील लोगों ने दबाकर रखा था जो बंगाल चुनाव परिणाम के रूप में साकार हुई है। बंगाल अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कुशल प्रशासनिक ढांचे में सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ साथ धार्मिक संस्कारों में फलीभूत होते हुए फ़िर से अपनी उर्वरता हासिल करते हुए देश को और विकसित करने में अपना शाश्वत योगदान देता रहेगा।

(लेखक रायपुर से भाजपा सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

बुरा मित्र जानवर से ज्यादा खतरनाक



संकलित

दर्शन

गौतम बुद्ध कहते हैं कि एक बुरा मित्र किसी जानवर से भी ज्यादा खतरनाक होता है, क्योंकि एक जानवर सिर्फ हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन बुरा मित्र हमारे दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि जिसे जान-बूझकर झूठ बोलने में लज्जा नहीं, वह कोई भी पाप कर सकता है, इसलिए तू यह हृदय में अंकित कर ले कि मैं हंसी-मजाक में भी कभी असत्य नहीं बोलूंगा। क्रोध को प्रेम से जीतें, बुराई को भलाई से जीतें। यह विचार प्रतिशोध के चक्र को तोड़कर करुणा और क्षमा को अपनाने का मार्ग दिखाता है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि हम चाहें कितनी ही अच्छी किताबें पढ़ लें, कितने भी अच्छे शब्द सुनें, लेकिन जब तक उन्हें अपने जीवन में नहीं उतारते हैं, तब तक उसका कोई फायदा नहीं है। गौतम बुद्ध कहते हैं, सभा में, परिषद में और एकांत में किसी से झूठ न बोलें। झूठ बोलने के लिए दूसरों को प्रेरित न करें और न झूठ बोलने वाले को प्रोत्साहन दें। असत्य का सर्वांश में परित्याग कर देना चाहिए। गौतम बुद्ध कहते हैं अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।

ईश्वर कैसे होते हैं प्रसन्न



संकलित

प्रेरणा

एक बार दुर्वासा मुनि, देवताओं की नगरी अमरावती में गए। पूरा शहर उत्सव की शोभा से दमक रहा था। दुर्वासा ने वहां उपस्थित नारद से इसके बारे में पूछा, इस उत्सव का क्या कारण है? देवर्षि नारद ने जवाब दिया, आज पूर्णिमा का दिन है। देवताओं के राजा इंद्र, माता अदिति की पूजा कर रहे हैं। उत्सव की वैभवपूर्ण तैयारियों को देखकर दुर्वासा मुनि आश्चर्य चकित हुए। सैकड़ों सुवर्ण थालियों में फूलों को सजाकर मां की पूजा के लिए रखे जा रहे थे। दुर्वासा मुनि इन तैयारियों के बारे में मां को स्वयं बताना चाह रहे थे। वे मां के द्वार पर गए। द्वारपालकों ने मुनि से कहा 'हे मुनिवर! मां बीमार हैं। आप उनसे अभी मिल नहीं सकते। द्वारपालकों की बातों को नजरंदाज कर मुनि सीधे मां के कक्ष में गए, जहां देव माता अदिति शैय्या पर लेटी हुई थीं। मुनि ने देवी से पूछा, 'मां! आप अस्वस्थ क्यों हैं? आप तो इससे परे हैं न?' देव माता ने नारद के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा, 'यह सब देवेंद्र के कारण हुआ है, जो अपनी संपदा के दिखावे के लिए मेरी पूजा स्वर्ण पुष्पों से कर रहा है। उन स्वर्ण पुष्पों से ही मेरे शरीर पर घाव हो रहे हैं। दुर्वासा ने देवी से फिर पूछा, यह बताइए मां, आपका यह रोग कैसे ठीक होगा? मां ने जवाब दिया, वाराणसी के विशालाक्षी मंदिर में एक व्यक्ति है, जो मेरी चिकित्सा करने में समर्थ है। दुर्वासा तुरंत वाराणसी गए।

अंतर्मन



आज की पाती

क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है- एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। - *गज्जू राम यादव, दुर्ग*

ट्रेंड

शासन का मूल्यांकन



हम यहां व्यवस्था का प्रबंधन करने नहीं, बल्कि उसे बदलने के लिए आए हैं। शासन का मूल्यांकन फाइलों की हेराफेरी या प्रस्तुत रिपोर्टों से नहीं, बल्कि प्राप्त परिणामों और बेहतर हुए जीवन से होता है।

- **एन चंद्रबाबू नायडू,** सीएम, आंध्र प्रदेश

कानून-व्यवस्था



बंगाल में हाल की घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक हैं। हमारे वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के एक करीबी सहयोगी की हत्या से कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। राजनीतिक मतभेदों के बीच हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर



ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर, भारतीय सेना के वीर सैनिकों को हार्दिक सलाम। आपके अद्वितीय शौर्य ने राष्ट्र का सिर गर्व से ऊंचा किया है। आपकी बहादुरी ने उन कायर आतंकवादियों को दिखा दिया है कि हमारे देश पर किए गए घिनौने आतंकवादी हमलों का क्या अंजाम होता है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

ईडी की रेड



ईडी ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर के करीबी सहयोगियों के घरों पर छापा मारा। ईडी को आते देख इन लोगों ने नौवीं मंजिल से नोटों से भरे बैग फेंकना शुरू कर दिया। यही लोग सीएमओ में बैठकर दलाली करते हैं।

- **स्वाति मालीवाल,** राज्यसभा सदस्य

करंट अफेयर

शुभेंदु के सहयोगी की हत्या से बंगाल में बढ़ी हिंसा की आशंका



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का नतीजा सत्ता परिवर्तन के रूप में सामने आने के महज 48 घंटे बाद वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी की हत्या ने राज्य को ऐसी स्थिति में धकेल दिया है जहां चुनाव बाद की हिंसा के लोकतांत्रिक परिवर्तन पर भारी पड़ने का खतरा पैदा हो गया है। भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद छिटपुट झड़पों के रूप में जो शुरू हुआ था, वह अब तेजी से एक बड़े टकराव का रूप ले चुका है, जिसमें भय, प्रतिशोध का विमर्श और राजनीतिक रूप से संवेदनशील जिलों में क्षेत्रीय वर्चस्व की लड़ाई शामिल है। बंगाल में अपनी पहली सरकार बनाने की तैयारी कर रही भाजपा के लिए यह हत्या एक चुनौती होने के साथ-साथ एक राजनीतिक अवसर भी है। चुनौती भावनात्मक रूप से आवेशित भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से जवाबी हिंसा को रोकने की है जबकि अवसर भगवा खेमे के लंबे समय से चले आ रहे इस आरोप को पुष्ट करने का है कि तृणमूल शासन के तहत धमकियां, लक्षित हमले और मजबूत स्थानीय सत्ता नेटवर्क बंगाल की राजनीति में हिंसा की संस्कृति को दर्शाते रहे हैं। घटना को 'पूर्व नियोजित' बताते हुए, अधिकारी ने आरोप लगाया कि उनके करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की मध्यग्राम में गोली मारकर हत्या करने से पहले कई दिन तक उनकी रेकी की गई।

ऑफ बीट

स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने कार्यबल का दिया प्रस्ताव



नीति आयोग ने देश में स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कार्यबल गठित करने की वकालत की है। साथ ही रचनात्मक और छात्र केंद्रित शिक्षा के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) को एकीकृत करने का सुझाव दिया है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली : समयगत विश्लेषण एवं गुणवत्ता सुधार के लिए नीति ढांचा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए 13 सिफारिशें दी हैं। पांच शैक्षणिक सिफारिशों में शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन एवं सीखने में बुनियादी बदलाव, समग्र शिक्षा एवं छात्र कल्याण पर जोर, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल एकीकरण की पुनर्कल्पना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को मजबूत करना और शैक्षणिक नवाचार में एआई का एकीकरण शामिल हैं। इसके अलावा, आठ प्रणालीगत सिफारिशों में समग्र विद्यालयों एवं साक्ष्य-आधारित युक्तिकरण के माध्यम से विद्यालय संरचना में सुधार करना, विद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, शासन सुधार एवं प्रशासनिक क्षमता निर्माण करना, विद्यालय की गुणवत्ता पर राज्य व जिला स्तर पर कार्यबलों के जरिये 'समाज के समग्र दृष्टिकोण' को संस्थागत रूप देना तथा स्कूल प्रबंधन समितियों को सशक्त करना शामिल है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

पश्चिम बंगाल में रिलीज होगी द बंगाल फाइल्स

मुंबई। विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' आखिरकार पश्चिम बंगाल में रिलीज हो रही है। भाजपा की बड़ी जीत के कुछ दिन बाद यह फिल्म राज्य में स्क्रीन पर आने जा रही है। इससे पहले फिल्म को



अनौपचारिक रूप से रोक दिया गया था। अब अगले शुक्रवार यानी 15 मई को रिलीज होगी। 'द बंगाल फाइल्स' विभाजन से पहले बंगाल में हुए सांप्रदायिक हिंसा पर आधारित है। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती और अनुपम खेर जैसे कलाकार हैं। रिलीज से पहले यह फिल्म राजनीतिक विवादों में घिरी रही। निर्देशक ने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार ने फिल्म को बंगाल में दिखाने की अनुमति नहीं दी। उनके पत्नी और अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने भी राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखकर इस मुद्दे को उठाया था। भाजपा की जीत के बाद फिल्म रिलीज का फैसला आया है। कई लोग इसे अभिव्यक्ति की आजादी की जीत मान रहे हैं. 'द बंगाल फाइल्स' की कहानी ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित होने के कारण पहले से ही सुर्खियों में रही. फिल्म पहली बार पिछले साल सितंबर में पश्चिम बंगाल को छोड़कर देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

एक दिन को ना कहने वाली थीं

साउथ की दिग्गज अभिनेत्री साई पल्लवी ने आमिर खान प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'एक दिन' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। इस फिल्म में वो आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म छह दिनों में कोई खास कमाई नहीं कर पाई है। वहीं, क्रिटिक्स से भी फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रियाएं ही हासिल हुई हैं। अब साई पल्लवी ने खुद बताया कि क्यों उन्होंने 'एक दिन'के लिए हां कहा और स्क्रिप्ट में उन्हें क्या चीज पसंद आई। आमिर खान टॉकीज के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर साई पल्लवी और जुनैद खान का एक वीडियो साझा किया गया है। इसमें दोनों कलाकार अपनी फिल्म 'एक दिन'के बारे में बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान जब जुनैद ने साई से 'एक दिन' को हां करने के फैसले के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा यकीन था कि वह यह फिल्म नहीं करेंगी, क्योंकि वह कई भाषाओं में बड़ी-बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि फिल्म का पैमाना मुझे प्रभावित नहीं करता। उस समय तक मैंने कई गंभीर फिल्में की थीं और मैं कुछ हल्का-फुल्का करना चाहती थी। ऐसी फिल्म जिसमें मुझे शूटिंग के दौरान और बाद में भी ज्यादा तनाव न झेलना पड़े। इसलिए जब स्क्रिप्ट आई, तो मुझे लगा कि यह हॉलीवुड फिल्म 'बिफोर सनराइज' जैसी होगी। क्योंकि, मुझे 'बिफोर सनराइज' पसंद है और मुझे लगा कि यह भी वैसी ही होगी। साई ने यह भी बताया कि आमिर खान का इस प्रोजेक्ट से जुड़ना फिल्म को हां कहने का एक बड़ा कारण है। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं आमिर खान के करियर को करीब से देखती आ रही हूं। इसमें अलग-अलग तरह की फिल्में और किरदार हैं। इस दौरान साई ने खुलासा किया कि शुरुआत में मुझा लगा था कि 'एक दिन' में मुझे नहीं होना चाहिए था।



देसी गर्ल रीसेट में ऑरलैंडो के साथ आएंगी नजर

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। हाल ही में उनकी एक सीरीज 'सिटाडेल 2' रिलीज हुई। डायरेक्टर राजामौली की मेगा बजट दक्षिण भारतीय फिल्म वाराणसी भी वह कर रही हैं। अब उनके हाथ एक हॉलीवुड प्रोजेक्ट और लगा है। इस फिल्म का नाम रीसेट है। यह एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ ऑरलैंडो ब्लूम को कास्ट किया गया है। प्रियंका चोपड़ा ने भी इस खबर को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और इस पर एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने रिएक्ट किया। फिल्म रीसेट की शूटिंग को लेकर भी अपडेट



सामने आया है। इस फिल्म की शूटिंग अगस्त महीने में शुरू हो सकती है। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म में एक्टिंग करने के साथ इसे प्रोड्यूस भी करेंगी। बता दें कि हॉलीवुड में देसी गर्ल एक्टिंग के अलावा प्रोडक्शन की फील्ड में भी उतर चुकी हैं। प्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग करने के लिए इन दिनों भारत आती रहती हैं। इस फिल्म में उनके हीरो महेश बाबू हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **WRD/M.I.D.D.C/DEOGHAR/B.D./S.L.I-01/2026-27, Dated :- 24/04/26** – जिसका Pr.No. 378394 Water Resource (26-27)_D, द्वारा दिनांक 25.04.2026 को विभिन्न सामाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में निम्न परिवर्तन किया जाता है:–

e-Pro Notice क्रमांक	पूर्व में	संशोधित तिथि
7. Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in)	Date: 29.04.2026, 11:00 A.M.	Date: 08.05.2026, 11:00 A.M.
8. Last Date/ Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website	Date: 14.05.2026, 05:00 P.M.	Date: 21.05.2026, 05:00 P.M.
9. Submission of Tender Fee and EMD	Start Date: 29.04.2026, 11:00 A.M. Last Date: 14.05.2026, 05:00 P.M.	Start Date: 08.05.2026, 11:00 A.M. Last Date: 21.05.2026, 05:00 P.M.
10. Technical Bid Opening Date	Date: 15.05.2026, 05:00 P.M.	Date: 22.05.2026, 05:00 P.M.

शेष सभी सूचनाएँ पूर्ववत् रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर

PR 379211 Water Resource(26-27)#D

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.
fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/gmsp.jbvnl@rediffmail.com

1st Time Extension Notice

Last date of uploading of bid documents, last date of online submission of tender fee and bid opening date of following tender notice no. is hereby extended as below :-

Sl. No.	NITs No.	Extended online bid uploading/ submission end date	Last date of online submission of tender fee and EMD	Technical bid opening date and time
1	12/PR/JBVNL/2026-27 33 KV 3 Pin Type AB Switch 630 Amp.	14.05.2026 upto 18:00 Hrs	14.05.2026 upto 18:00 Hrs.	15.05.2026 upto 18:00 Hrs.
2	13/PR/JBVNL/2026-27 11 KV 3 Pin Type AB Switch 400 Amp.	14.05.2026 upto 18:00 Hrs	14.05.2026 upto 18:00 Hrs.	15.05.2026 upto 18:00 Hrs.
3	17/PR/JBVNL/2026-27 EHV Grade Transformer Oil	14.05.2026 upto 18:00 Hrs	14.05.2026 upto 18:00 Hrs.	15.05.2026 upto 18:00 Hrs.

Further details and corrigendum against the above NITs can be seen on website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 09431135523 / 9430348596/ NIC helpline No. 0651-2400178. Only online payment mode of submission of Tender Fee & EMD will be accepted.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 377096

Sd/-
Dy. General Manager Purchase

PR 379242 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 26-27 (D)

'सरके चुनर' गाने में किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था कोई इरादा : नोरा

नई दिल्ली। मार्च 2026 में रिलीज हुए अभिनेत्री नोरा फतेही के गाना 'सरके चुनर' पर जमकर विवाद हुआ था। अब गुरुवार को इस मामले में एक्ट्रेस राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुईं। यहां उन्होंने मीडिया से बात कर अपनी सफाई दी। राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यालय से बाहर निकलते हुए नोरा ने मीडिया से बात कर मामले पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा, 'यह बस एक ऐसी स्थिति थी जिसमें मुझे डाल दिया गया और मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। एक कलाकार होने के नाते मुझे अपनी जिम्मेदारी निभानी ही होगी। मैंने माफी मांग ली है और सब कुछ लिखित में दे दिया है। वो लोग बहुत ही दयालु और



मददगार हैं।' आगे नोरा ने कहा, 'समाज से मिले प्यार को वापस करना हमारी जिम्मेदारी है इसलिए मैंने फैसला किया है कि मैं कुछ अनाथ लड़कियों की शिक्षा का खर्च उठाऊंगी। इस मामले के बाद यही हमारा लक्ष्य है।' फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर' मार्च में रिलीज किया गया था। रिलीज के बाद दर्शकों ने इसकी काफी आलोचना की। इसके हिंदी गाने के बोल और विजुअल्स दोनों ही अश्लील और आपत्तिजनक लगे थे जिसके बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर हंगामा हुआ था। बाद में मेकर्स ने माफी मांगते हुए गाने को सभी प्लेटफॉर्म्स से हटा लिया गया।

बॉबी की फिल्म बंदर का टीजर रिलीज

मुंबई। अनुराग कश्यप और बॉबी देओल की आगामी फिल्म 'बंदर' का टीजर गुरुवार को जारी हो गया है। फिल्म को वैश्विक स्तर पर काफी सराहना मिली है और फिल्म फेस्टिवल्स में भी फिल्म की तारीफ हुई है। अब लंबे इंतजार के बाद फिल्म भारत में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। 1 मिनट 29 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत बॉबी देओल के एक लाइव परफॉर्मेंस से होती है। जहां वो गाना गाते और परफॉर्म करते नजर आते हैं। इसके बाद बॉबी देओल को अचानक जेल हो जाती है और उनका एक अलग अंदाज देखने को मिलता है। छोटे से टीजर में फिल्म की बाकी कास्ट की भी झलक देखने को मिलती है, जिसमें सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे नाम शामिल हैं। फिल्म को असल घटनाओं से प्रेरित बताया गया है। टीजर देखने के बाद भी फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चलता है। यह मेकर्स की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। हां, टीजर देखने के बाद फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ती है। टीजर देखकर पता चलता है कि एनिमल के बाद बॉबी देओल एक बार फिर एक अलग तरह के किरदार में नजर आने वाले हैं। बंदर के टीजर की शुरुआत पागलपन के साथ होती है।



SHIVA EMBROCATION OIL

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10

दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

HMS देखकर खरीदें

नकली माल से सावधान

94060-21769

भारतीय खेल प्राधिकरण
भारत सरकार
खेल विभाग
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(मानव संसाधन प्रभाग -II)

ईस्ट गेट संख्या-10, जे. एन. स्टेडियम परिसर,
लोधी रोड, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
नई दिल्ली- 110003

F.No. 01-04001 (03)/8/2024-भर्ती प्रकोष्ठ /252 दिनांक : 10.04.2026

// संशोधन सूचना //

विषय: भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति के आधार आधार पर वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर नियुक्ति के संबंध में।

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (MYAS) के अधीन एक स्वायत्त संस्था है तथा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। विज्ञापन संख्या 01-04001(03)/8/2024-Recruitment Cell/184 दिनांक 25-02-2026 के क्रम में, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी पद हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 10-06-2026 (सायं 05:00 बजे तक) किया जाता है। अन्य सभी शर्तें यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगी।

उप निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग - II)
भारतीय खेल प्राधिकरण
SAI, HO

CBC 47103/11/0009/2627

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमंडल, जमशेदपुर ।
पत्रांक–226 जमशेदपुर / दिनांक –05.05.2026

निविदा स्थगन सूचना

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–WRD/MID/JAMSHEDPUR/F$_{01}$/2026-27 **PR NO. 377985** **Water Resource (26-27)** के द्वारा प्रकाशित निविदा अंतर्गत क्रम संख्या 02 में अंकित योजना का निविदा अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, जमशेदपुर ।

PR 379186 Water Resource(26-27)D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची
कमरा नं० 302,तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन,कचहरी चौक, राँची–834001
ई-मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com
फोन नं० – 0651–3512781

पत्रांक...../ राँची, दिनांक ...../...../2026

शुद्धि–पत्र

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची का पत्रांक– 394 दिनांक–04.05.2026 द्वारा e-Tender Reference No. WRD/MID/03/BD/(SLI) 2026-27, PR 379042 (Minor Irrigation) 26-27(D) दिनांक 06.05.2026 को प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

क्रमांक	विवरण	पूर्व में अंकित निविदा का मोबाईल नं०	संशोधित निविदा का मोबाईल नं०
1	Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer	9431190681	9801286765

निविदा की शेष सभी शर्तें पूर्वतः बनी रहेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।

PR.NO.379219 Minor Irrigation(26-27):D

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | **डॉ राका शिवहरे** MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) **डॉ. फिबी मसीह** (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं: 24x7 डिलीवरी, शिशु रोग, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन, सोनोग्राफी, बांझपन का इलाज, खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवाएं: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नर्सों की सुश्रुता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर
(डायबिटिक, थायरॉइड,ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर : 9202222391, 8871865551, 7723068129

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: लेजर हेयर रिमूवल, केमिकल पीलिंग, हाइड्रोफेशियल, रेडियोफ्रिक्वेंसी, कार्बन फेशियल, एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहासें, सोरासिस, स्किन एलर्जी, पिगमेंटेशन, विटिलियो / ल्यूकोडरमा, पीआरपी थेरेपी, एलोपेसिया, आर्टीकेरिया, फंगल इंफेक्शन, टैली कंसल्टेशन, लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

फीलिंग्स

माय मम्मी इज द बेस्ट

हर मां अपने बच्चों से बेइंतहा प्यार करती है। बच्चों की केयर में कोई कसर नहीं छोड़ती। बच्चे भी अपनी मां से बहुत प्यार करते हैं, उनकी दुनिया मां के इर्द-गिर्द रहती है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** से शेयर कर रहे हैं, मां से जुड़ी अपनी फीलिंग्स, उनसे जुड़ी खास मेमोरी। ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस मदर्स-डे पर इनकी क्या प्लानिंग्स हैं, इनका अपनी मां के लिए क्या मैसेज है?

हमेशा मिलता है मम्मी का प्यार-सपोर्टः हरिति जोशी



इन दिनों सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार हरिति जोशी निभा रही है। अपने अभिनय से उसने दर्शकों का मन मोह रखा है। हरिति अपनी मम्मी को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर करती है। वह बताती है, 'मेरी मम्मी की सबसे अच्छी क्वालिटी है, उनका प्यार और हर वक्त सपोर्ट में खड़े रहना। वो मेरे लिए दुनिया की बेस्ट मम्मी हैं।' हरिति अपनी मम्मी से रिलेटेड एक मेमोरी शेयर करती है, 'जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक बार मुझे बहुत तेज बुखार हो गया था। मैं बस चुपचाप लेटी थी। मम्मी मेरे पास ही बैठी थीं। वो बार-बार मेरे माथे पर ठंडी पट्टी रखतीं। मुझे अपनी गोद में सुला लेतीं। रात को जब सब सो गए, तब भी मम्मी नहीं सोईं। मैं आधी रात को जब उठी तो देखा कि वो मेरे बाल सहला रही हैं। उस दिन मुझे एहसास हुआ कि मम्मी मुझसे कितना प्यार करती हैं।' इस बार मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को कैसे स्पेशल फील कराएगी, पूछने पर वह बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए अपने हाथ से एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, जिसमें अपनी और उनकी पिक्चर लगाऊंगी। मैं उनकी कोई फेवरेट डिश बनाऊंगी। घर के कामों में भी उनका हाथ बंटाऊंगी ताकि मम्मी को आराम मिले।'



मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर वह बताती है, 'मैं मम्मी से कहूंगी कि मम्मी, आप दुनिया की सबसे अच्छी मम्मी हैं। आप मेरे लिए इतना कुछ करती हैं, उसके लिए थैंक यू! मैं आपसे बहुत-बहुत प्यार करती हूं।' *

मम्मी से मिलती है इंस्पिरेशनः आयशा विंधारा



सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया की भूमिका निभा रही आयशा विंधारा को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। आयशा अपनी मम्मी की बेस्ट क्वालिटीज के बारे में बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर बात बहुत ध्यान से सुनती हैं। मुझे वे यह भी बताती हैं कि मैं कोई काम सही कर रही हूं या गलत। वे मुझे हमेशा गाइड करती हैं। अपनी मम्मी के प्यार और सपोर्ट की वजह से ही मैं हमेशा सिक्योर और कॉन्फिडेंट फील करती हूं।'



इस मदर्स-डे पर मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए आयशा क्या कुछ खास करने वाली है, पूछने पर वह एक्साइटेड होते हुए बताती है, 'मैं इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के साथ किसी रेस्टोरेंट में लंच करने जाऊंगी। उस दिन घर में उनके लिए अपने हाथों से ब्रेकफास्ट तैयार करूंगी। मैं अपनी मम्मी को अपने हाथों से बनाया हुआ एक बहुत सुंदर-सा ग्रीटिंग कार्ड दूंगी। साथ ही, मैं उन्हें एक परफ्यूम या उनकी पसंद की शेड वाला लिपस्टिक गिफ्ट करूंगी। मैं अपनी मम्मी और अपनी बहन के साथ इस बार जोरदार तरीके से मदर्स-डे सेलिब्रेट करूंगी।'

इस मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के लिए आयशा क्या मैसेज देना चाहेगी? पूछने पर वह बताती है, 'मम्मी, आप हमेशा मुझे सही राह दिखाती हैं, सही सलाह देती हैं। आप हमेशा खुद को मोटिवेट करती हैं, दूसरों की हेल्प करती हैं। आपकी इन बातों से मुझे इंस्पिरेशन मिलती है। आप हमेशा वैसी ही बनी रहें जैसी आप हैं।' *

मम्मी हमेशा प्लानिंग करता है: संवेग कौदान



सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में संवेग कौदान, अंश पटेल की भूमिका निभा रहा है। अपनी मम्मी के बारे में संवेग बताता है, 'मेरी मम्मा इस दुनिया में सबसे अच्छी मम्मा हैं। वो मेरी हर बात मानती हैं। जो बात नहीं मानने वाली होती है, वह मुझे समझाती हैं कि यह बात क्यों नहीं मान रही हैं? मेरी मम्मा मुझ पर बहुत ट्रस्ट करती हैं। जब कोई मेरे बारे में यह बोलता है कि इससे यह काम नहीं होगा, तब मम्मा कहती हैं, मेरा बेटा सब काम कर सकता है। माय मम्मा इज हेल्पिंग, केयरिंग एंड सपोर्टिव।' मम्मा के साथ कोई मेमोरेबल इंसिडेंट के बारे में पूछने पर संवेग एक मजेदार इंसिडेंट के बारे में बताता है, 'एक बार दिल्ली मेट्रो से सफर करने के लिए मैं अपनी मम्मा के साथ स्टेशन पर पहुंचा। कुछ क्रैकर्स मेरे बैग में रखे हुए थे। जब मैंने वहां चेकिंग कर रहे सीआईएसएफ जवान को देखा तो डर गया, मैं रोने लगा। मम्मा ने मुझे बहुत चुप कराया लेकिन मैं चुप ही नहीं हो रहा था। तो फिर मम्मा ने सीआईएसएफ जवान को कंविंस किया। उसके बाद वह जवान मुस्कुराते हुए मेरे पास आए और प्यार से बोले- इस बार तुम्हारी गलती माफ। आगे से फायर क्रैकर्स लेकर मेट्रो या किसी पब्लिक प्लेस पर मत जाना। मैंने उनसे प्रॉमिस किया। इसके बाद मैं रिलैक्स हो गया। मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है।' इस बार मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मी को एक स्पेशल सरप्राइज देने की प्लानिंग कर रहा है। वह बताता है, 'मम्मा मेरे लिए पापा और दीदी से दूर रहती हैं। इसलिए मम्मा को बिना बताए मैं पापा-दीदी को यहीं बुला लूंगा। इस सरप्राइज से वह बहुत खुश होंगी।' मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मा को यह मैसेज देना चाहता है, 'मुझे आपका हमेशा ख्याल रखना है, कभी आपका साथ नहीं छोड़ना है। आई लव यू मम्मा।' *



मम्मी मुझे हमेशा मोटिवेट करती हैंः अकदास खान



सन नियो के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का किरदार निभाकर अकदास खान ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अकदास अपनी मम्मी के बारे में बताता है, 'मेरी मम्मी दुनिया की बेस्ट मॉम हैं। वो हमेशा मेरा ख्याल रखती हैं। मम्मी मुझे हर बात को बहुत अच्छे से समझाती हैं। वो हमेशा मुझे मोटिवेट करती हैं, कहती हैं- अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और मेहनत से हम लाइफ में कुछ भी अचीव कर सकते हैं।'

अकदास अपनी मम्मी से रिलेटेड एक प्यारी-सी मेमोरी शेयर करता है, 'एक बार मैं शूट के दौरान बहुत थक गया था। मेरा मन काम करने का नहीं था। तब मम्मी सेट पर आईं। उन्होंने मुझे हग किया और मुझे मेरी फेवरेट चॉकलेट दी।

फिर हम दोनों ने साथ में थोड़ा टाइम बिताया। मम्मी ने मुझे स्पेशल फील कराया। मैं फिर से खुश हो गया।'

इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए अकदास अपनी प्लानिंग बताता है, 'मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए एक हैंडमेड कार्ड बनाऊंगा। उन्हें एक छोटा-सा गिफ्ट भी दूंगा। अगर उस रोज मेरी शूटिंग नहीं हुई, तो मैं उनके साथ पूरा दिन बिताऊंगा।'

मदर्स-डे पर अकदास अपनी मम्मी को क्या खास मैसेज देना चाहता है, पूछने पर बताता है, 'मैं मम्मी से कहूंगा कि मैं आपको बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे लिए सबसे स्ट्रॉन्ग और बेस्ट हो। आप हमेशा मेरे साथ रहिएगा। मैं बड़ा होकर आपको बहुत प्राउड फील कराऊंगा।' *



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, हाल में ही प्रेरित करती बाल कथाओं की किताब 'बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब की लेखिका डॉ. करुणा पांडे हैं। ये सभी कहानियां जीवन से जुड़ी शिक्षाएं देती हैं। पहली कहानी 'आत्मनिर्भर बनो' में शिक्षक अपनी कक्षा के बच्चों को एक चिड़िया की कहानी सुनाकर आत्मनिर्भरता का महत्व बताते हैं। दूसरी कहानी 'मेहनत का खजाना' में तुम पढ़ोगे कि कैसे आलसी लड़के गोविंद को मेहनत का महत्व पता चलता है, जब उसके पिता का देहांत हो जाता है। एक और आलसी बच्चे तिम्मा की कहानी तुम 'गौरैया का उपाय' में पढ़ सकते हो कि कैसे उसे एहसास होता है कि बिना मेहनत किए कोई भी जीव अपना भोजन प्राप्त नहीं कर सकता है। 'दोस्ती की पहचान' एक किसान और उसके नासमझ बेटे गोपाल की कहानी है, जो अपने सच्चे दोस्तों की पहचान नहीं कर पाता है और उनके साथ अपना समय बरबाद करता रहता है। लेकिन जब वह उनसे मदद मांगने जाता है तो उसे सच्चाई का पता चलता है। 'अदभुत जीव' एक साहसी युवक की कहानी है, जो अपनी बुद्धिमानी और वीरता से खतरनाक जीव को मार देता है। 'अंतरात्मा की आवाज' एक ईमानदार बच्चे अतुल की कहानी है, जो अपनी मां की दी हुई शिक्षा को कभी नहीं भूलता है। यह कहानी बताती है कि लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए। इनके अलावा इस किताब में संकलित 'साहसी लड़की', 'स्वार्थी मित्र', 'मेहनत की कमाई' और 'उन्नति का रास्ता' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। ये कहानियां रोचक तरीके से तुम्हें स्वावलंबी और अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित करती हैं। *



किताब: बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां (बाल कथा संग्रह), **लेखिका:** डॉ. करुणा पांडे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** श्वेता बुक एजेंसी, पिलानी राजस्थान



कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

हर किसी को अपनी मां की कद्र करनी चाहिए, उसे प्यार-सम्मान देना चाहिए। नहीं तो मां के ना रहने पर उसी तरह पछतावा, दुख होगा, जैसे चंदन को होता है। उसने एक दिन नोटबुक में वह सब लिख डाला, जो उसने मां के ना रहने पर महसूस किया। मां हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं, बता रही है यह कहानी।

मां, आपको पता है न?



पापा घर में घुसे तो सन्नाटा पसरा था। रीतू तो बैठक में फर्श पर ही सो गई थी। चंदन सोफे पर सोया हुआ था। उलटे, औंधे मुंह। नोटबुक उसका तकिया बनी हुई थी। पापा मन ही मन बोले, 'अच्छा! तो बच्चू पढ़ते-पढ़ते सो गए हैं।' पापा ने बड़े प्यार से उसकी पीठ को सहलाया फिर आहिस्ते से उस नोटबुक को खींचा। चंदन पर कोई असर न पड़ा। वह बेसुध सोया हुआ था।

पापा मुस्कुराए। उसके गालों का पसीना पोछा। नोटबुक का पन्ना भी तो भीगा हुआ था। पापा ने एक बार फर्श पर सोई हुई रीतू के माथे को भी प्यार से सहलाया। रीतू की नींद खुल गई, 'अरे! पापा, आप आ गए। मैं पानी लाती हूं।'

रीतू आंखें मलती हुई किचेन में चली गई। पापा के हाथ में चंदन की नोटबुक थी। वह उसे मेज पर रखने ही जा रहे थे कि उस पर बड़ी ही खूबसूरत लिखावट में लिखे पांच शब्दों पर दृष्टि रुक गई। लिखा थाः मां, आपको पता है न?

इसके बाद तो कितना कुछ लिखा हुआ था। पापा की आंखों की कोरें गीली हो गईं। उन्होंने बैठक में ठीक सामने लगी चंदन की मां की फोटो को निहारा। चंदन की मां अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्हें गए एक साल से ऊपर हो गया। पापा ने तो पूरी कोशिश की कि दोनों बच्चों को उनकी कमी महसूस न हो। दोनों को खूब प्यार देते हैं। समय भी खूब देते हैं !

पापा ने नोट बुक को पढ़ना शुरू किया।

मां, आपको पता है न? मैं इस बार कक्षा पांच में आ गया। मुझे कक्षा में सबसे ज्यादा नंबर मिले हैं। मैं आपकी सारी बातें याद रखता हूं। समय से उठता हूं। खूब मन से पढ़ता हूं। आप थीं तो मैं कितना जिद्दी था। उफ! आपको कितना परेशान किया मैंने। कितनी मिस्टेक कीं। कभी सॉरी भी नहीं कहा, लेकिन आपने हमेशा मुझे माफ किया। मेरा हमेशा ही कितना ख्याल रखा। अब आप नहीं हैं तो समझ में आता है कि आप मेरे लिए कितनी जरूरी थीं। कितना कुछ करती थीं। कभी आराम नहीं। कभी मैंने भी तो आपको आराम नहीं दिया। कभी आप थकी-हारी मुझसे कुछ मांगती भी थीं तो कैसे बहाने से मना कर देता था। और आप हंसकर सब कुछ भूल जाती थीं। आप बीमार थीं, तब भी तो कितना काम करती थीं। अब आप नहीं हैं तो आपकी कीमत समझ आती है। अब लगता है, मुझे आपकी हेल्प करनी चाहिए थी। रीतू दीदी तो आपका कितना हाथ बंटाती थी। वह अब पापा का खूब ख्याल रखती है। मैं भी रखता हूं। आपको पता है न?

मां, स्कूल में मेरे दोस्त कहते थे कि तेरे पापा अब नई मां ले आएंगे। कुछ दोस्त कहते हैं कि नई मां बहुत गंदी होती है। बिल्कुल भी प्यार नहीं करती। कुछ कहते हैं, ऐसा नहीं है। उनकी नई मां तो उन्हें बहुत चाहती है, लेकिन एक साल से ऊपर तो हो गया। पापा नई मां नहीं लाए। वे कहते हैं, 'बेटे! अब मैं ही तेरी मां हूं।' सच, वे बिल्कुल आपकी ही तरह हमें बहुत प्यार करते हैं। मां, आपको पता है न? अभी एक दिन क्रिकेट खेलते हुए मुझे चोट लग गई थी। मैंने पापा को नहीं बताया। चुपचाप मेडिसिन वाली स्ट्रिप लगा ली। सोचा उन्हें बताऊंगा तो परेशान होंगे। लेकिन जब उन्हें पता चला तो ज्यादा परेशान हुए। बिल्कुल आपकी तरह बोले- परेशानियों को शेयर जरूर करना चाहिए। दुःख आपस में बांट लो तो कम हो जाता है। मां, आपको पता है न, अब मुझे लगता है कि मैं बड़ा हो गया हूं। छोटे-छोटे कामों के लिए आपको परेशान करने वाला ये चंदन अब सारे काम खुद कर लेता है। काश! ये सब मैं पहले करता, जब आप थीं तो कितना खुश होतीं। दादी, पापा से कितना खुश होती हैं। पापा उनके सामने बिल्कुल बच्चा बन जाते हैं। सही कहते हैं कि जिनके पास बड़े हैं, वे हमेशा बच्चे हैं।

'पापा! पापा! पापा...!' हाथ में गिलास लिए रीतू खड़ी थी। बोली, 'पापा क्या पढ़ रहे हैं? कब से आपको पुकार रही हूं, आप सुनते ही नहीं।'

पापा को जैसे झटका-सा लगा, 'अरे!'

चंदन भी जाग गया था, 'पापा! आप कब आए?' और फिर उसने आंखें मलते-मलते ही जब अपनी नोट बुक पापा के हाथ में देखी तो तेजी से उनसे ले लिया। धीरे से पूछा, 'पापा। क्या आपने पढ़ा इसे?'

पापा ने चंदन की आंखों को देखा। बोले, 'तुम रोए थे चंदन? ये नोट बुक आंसुओं से भीगी है न?'

चंदन पापा से लिपट गया, 'अब नहीं। अब नहीं रोऊंगा पापा। क्या करूं, मां की याद आती है तो खुद को रोक नहीं पाता।'

पापा देर तक चुप बैठे रहे। फिर रीतू के हाथ से गिलास लिया। पानी पिया। बोले, 'तुम दोनों के लिए एक सरप्राइज है। अभी तक इस घर में दो बच्चे थे। अब तीन हो जाएंगे।' 'तीन! वह कैसे?' रीतू और चंदन ने एक साथ पूछा। पापा ने चंदन के गालों को सहलाते हुए बताया, 'क्योंकि अब आपकी बड़ी मां आ रही हैं। अब वे यहीं रहेंगी। हम तीनों बच्चे उनके साथ खूब मजे करेंगे।'

'वाह! दादी आ रही हैं। वेरी गुड।'

दोनों पापा से लिपट गए।

सामने मां का मुस्कुराता हुआ फोटो और ज्यादा सुंदर लग रहा था। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव चमन



मीठी-मीठी लोरी मां

काली हो या गोरी मां।
बहुत तेज या भोरी मां।
तन की चाहे जैसी भी हो
होती मन की कोरी मां।
रसगुल्ले-सी मीठी-मीठी
या कि शहद की बोरी मां।
अपने बच्चों की खातिर है
माखन भरी कठोरी मां।
परी देश की कथा-कहानी
किस्से चांद-चकोरी मां।
झूठी डांट, डपट और झिड़की
मीठी-मीठी लोरी मां।
अगर जरा भी ठेस लगे तो
मुंह से निकले- मोरी मां।
आती रहती है सपनों में
चुपके, चोरी-चोरी मां।

जीके क्विज-204



1. आईपीएल के इतिहास में 800 बाउंड्री शॉट से रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक कौन-सी धातु होता है?
4. बच्चों की पसंदीदा किताब 'द जंगल बुक' के लेखक कौन हैं?
5. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?
6. किस भारतीय को 'साबरमती का संत' कहा जाता है?
7. अंकोरवाट मंदिर कहां स्थित है?
8. भारत का प्रथम और अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल कौन था?
9. पश्चिम बंगाल की राजधानी कहां है?
10. कौन-सा पोषक तत्व हमारी हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है?

बच्चो, जीके क्विज-204 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-203 का उत्तर : 1 अरोण्यक घोष, 2. हरिवंश नारायण सिंह, 3. रवींद्रनाथ टैगोर, 4. यूनेस्को, 5. टेनिस, 6. रानी लक्ष्मीबाई, 7. लखनऊ, 8. 23.5 डिग्री, 9. उत्तर प्रदेश, 10. सागरमाथा

जीके क्विज-203 का सही उत्तर देने वाले : पूरब-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जियाना-रायगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, पूर्वी-रोहतक, संकेत-दिल्ली, कुसुम-महासमुंद, तेजस-बलौदा बाजार, किंशुक-दुर्ग

रंग भरो-201

रंग भरो-201 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



अद्रिक, रायपुर



इरा, कोरबा



आयांश, दुर्ग



प्रगति, बिलासपुर



साक्षी, रायपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, हर्ष-जगदलपुर, काशवी-रायपुर, काव्या-रायपुर, माही-महासमुंद, विशेष-रायपुर, प्रिया-रायगढ़, संचिता-दुर्ग, जतिन-भोपाल, हर्ष-बलौदा बाजार, याशिका-रायपुर, कुसुम-कोरबा, प्रियांशु-रोहतक, अंकित-बालोद, मनीष-महेंद्रगढ़

रंग भरो 202



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपनी मम्मी से गले मिलकर उन्हें मदर्स-डे विश कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजोः संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

जैकेट के शेष

अब वुमन्स टीम ....

में और एक दिवसीय मैच बड़ौदा में होंगे। रायपुर में पहली बार भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंटरनेशनल मुकाबला खेलगी। यह पहली बार है जब दोनों टीमें किसी बाइलेटरल इंटरनेशनल सीरीज में आमने-सामने उतरेंगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच मुकाबले सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या क्वालिफायर तक सीमित रहे हैं। भारतीय महिला टीम ने भी अब तक जिम्बाब्वे का दौरा नहीं किया है। मेंस क्रिकेट में दोनों देशों के बीच लंबे समय से मुकाबले होते रहे हैं। वुमन्स क्रिकेट में यह नई शुरुआत होगी।

ऑनलाइन टिकट के ....

दिखाई देगा। स्टेडियम में किस गेट से एंट्री होगी। थ्रीडी स्टैंड और मैप में पार्किंग, सीढ़ियां, मेडिकल सेंटर, एम्बुलेंस और एंट्री गेट की सटीक जानकारी होगी, ताकि दर्शक बिना भटके सीधे अपनी सीट तक पहुंच सकें। इसके अलावा इस बार सीट नंबर के अनुसार से सीट पर बैठाया जाएगा। स्टेडियम में सीट पहले से रिजर्व रहेगी। इससे पहले हुए मैच में यह सिस्टम नहीं होता था। ऐसे में अगर कोई देर से भी स्टेडियम पहुंचता है, तो उसकी जगह सुरक्षित रहेगी।

नियमों का ध्यान रखना जरूरी ....

कोड को स्कैन करेगा, वह सिस्टम में '**Used**' मार्क हो जाएगा। उस कोड से कोई दूसरा व्यक्ति प्रवेश नहीं कर पाएगा। ध्यान रहे, स्टेडियम से बाहर जाने पर दोबारा एंट्री की अनुमति नहीं होगी। स्टेडियम में इंटरनेट या नेटवर्क की कोई दिक्कत नहीं होगी, इसके लिए आयोजकों द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि ऐप आसानी से खुल सके। ये सभी जरूरी दिशा-निर्देश आपकी खरीदी हुई टिकट में भी देखे जा सकते हैं।

इस तरह मिलेगी एंट्री ....

सुरक्षा कारणों से क्यूआर कोड मैच वाले दिन, गेट खुलने से 3बजे ही ऐप में जनरेट होगा। इसी कोड को स्कैन करके आपको एंट्री मिलेगी।

जांच एजेंसियां अपराधियों ....

शहीद हो गए थे। नक्सलियों ने जवानों के हथियार भी लूट लिए थे। मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने अभियुक्तों को आईपीसी की धारा 148, 120 बी, 396 (76 गिनती) और शस्त्र अधिनियम की धारा 25, 27 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3, 5 के तहत दंडनीय अपराध से बरी कर दिया था। निचली अदालत ने यह माना था कि अभियोजन पक्ष अपने मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है। इसके बाद राज्य सरकार ने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 378 (1) के तहत निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

जांच में प्रक्रियात्मक ....

अदालत को उन्हें बरी करने के लिए विवश होना पड़ा। कोर्ट ने यह भी कहा कि सीआरपीएफ कर्मियों पर हुए सामूहिक हमले के आरोपियों को प्रत्यक्ष साक्ष्यों की कमी, अपूर्ण परिस्थितिजन्य साक्ष्य, जांच में प्रक्रियात्मक खामियों और अपराध की गंभीरता के बावजूद उचित संदेह से परे दोष सिद्ध करने में विफलता के कारण बरी कर दिया गया।

इस तरह हुई पूरी घटना....

ने उन्हें जान से मारने की मंशा से भारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोलीबारी की। उक्त गोलीबारी में 76 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। नरसंहार के बाद नक्सलियों ने पुलिस बल के हथियार भी लूट लिए। नक्सलियों ने कई जगहों पर टिफिन बम लगाए थे, जिन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। इस घटना की रिपोर्ट चिन्तागुफा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है।

हाईकोर्ट ने राज्य ....

संदेह से परे अपराध साबित करने में विफल रहा है। हालांकि, न्यायालय इस बात पर जोर देता है कि राज्य को भविष्य में गंभीर जघन्य अपराधों से जुड़े मामलों में जांच के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि प्रक्रियात्मक चूक की पुनरावृत्ति नहीं हो और आपराधिक न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास न टूटे।

मंच से बोले विधायक ....

5 मई को आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर के दौरान एक ग्रामीण ने पटवारी पर 40 हजार रुपए रिश्वत लेने का मौखिक आरोप लगाया। शिकायत सुनते ही विधायक रोहित साहू ने मंच से अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पटवारी को तत्काल हटाकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

बेकाबू एनएसयूआई ने ....

बैरिकेड्स लगाए थे। तीन लेयर की बैरिकेड्स तोड़ने के बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं और नेताओं की गिरफ्तारी शुरू कर दी। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता उग्र हो गए। उन्होंने पुलिस पर पथराव भी किया। कई पुलिसकर्मियों के चेहरे पर चोट आई है। पुलिसकर्मियों संग जमकर झूमाझटकी और तनातनी के बाद रात करीब 8 बजे प्रदर्शन समाप्त हुआ। **नहीं कर सकते बर्दाश्त** : एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि छात्र हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने छात्रसंघ चुनाव बहाल करने एवं युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की। विधायक देवेन्द्र यादव, विकास उपाध्याय, एजाज ढेबर, यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, गुलाब कामरो, संजीव शुक्ला, पंकज मिश्रा, सुबोध हरितवाल, निखिल कांत साहू, अजीत कुकरेजा, भावेश शुक्ला, सहित एनएसयूआई से प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, जिलाध्यक्ष शांतनु झा, अमित शर्मा, हेमंत पाल, प्रशांत गोस्वामी शामिल रहे।

गुटों में शक्ति ....

थे। इस कारण भी प्रदर्शन उग्र हो गया। प्रदेशभर से हजार के लगभग कार्यकर्ता प्रदर्शन में जुटे। वरिष्ठ नेताओं को भी बैरिकेड्स लांघने के दौरान चोट आई है। कई के कपड़े भी झूमाझटकी में फट गए।

रावांभाठा में मिला ....

विनय देवांगन का है। विनय देवांगन बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन का साला तथा भाजपा पार्षद एवज देवांगन का बहनोई है।

विनय 16 अप्रैल से घर से गायब : परिजनों के अनुसार विनय 16 अप्रैल को महासमुंद सांकरा में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। उसके बाद से वह गायब है। उसका कुछ दिनों तक मोबाइल ऑन रहा। पिछले एक सप्ताह से उसका मोबाइल बंद है। परिजनों के अनुसार विनय के जहां होने की सूचना मिलती है, वे उसकी पतासाजी करने जाते हैं, लेकिन उनके पहुंचने के पहले वह वहां से चला जाता है। बुधवार को रायपुर आने पर पुष्पा से मिलने के बाद से विनय के लोकेशन के बारे में पुलिस के साथ परिजनों को किसी तरह से कोई जानकारी नहीं है।

ऐसे होता विस्फोट : लाल घेरे में दिख रही दो शीशी जो काले रंग की प्लास्टिक में लिपटी है, वह देशी बम है। इसके अलावा एक पीली तथा काले रंग के प्लास्टिक में लिपटी शीशी अमोनियम नाइट्रेट लिक्विड फार्म में बताया जा रहा है, जिसे काले रंग की शीशी के तार से जोड़कर रिमोट के माध्यम से दूर से विस्फोट करने की तैयारी थी।

छत्तीसगढ़ की 35 ....

बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिल पा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता ललित नरेटी ने तत्काल अपनी युवा टीम के माध्यम से झारखंड में संपर्क स्थापित किया और पूरे मामले से स्थानीय प्रशासन व सरकार को अवगत कराया। उनकी पहल के बाद प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई शुरू की।

युवतियों को बाहर ....

तस्करी और रोजगार के नाम पर हो रही धोखाधड़ी को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार से ऐसे दलालों पर सख्त निगरानी रखने और ग्रामीण युवाओं के लिए सुरक्षित रोजगार व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है।

आतंकवाद को हराने ....

करने वालों को करारा जवाब दिया। पूरा राष्ट्र हमारे वीर जवानों के शौर्य को सलाम करता है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति उसके अटूट संकल्प को दर्शाया। इसने हमारी सेनाओं की पेशेवर क्षमता, तत्परता और समन्वित शक्ति को भी उजागर किया। साथ ही, इसने हमारी सेनाओं के बीच बढ़ते आपसी तालमेल को भी प्रदर्शित किया और यह भी रेखांकित किया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की भारत की मुहिम ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कितनी मजबूती प्रदान की है। बता दें, भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब अद्भुत सैन्य कार्रवाई के जरिए दिया था।

विस्फोट के सिलसिले में उग्रवादी गिरफ्तार : इंफाल। मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन के एक सदस्य को राजधानी इंफाल के हवाईअड्डे के पास कुछ दिन पहले हुए विस्फोट के सिलसिले में इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया गया है।

पेज एक के शेष

हाईकोर्ट ने पूछा...

कई स्कूलों में एक या दो सीटों पर एडमिशन की जानकारी दी गई तो कोर्ट नाराज हो गया। गौरतलब है कि हरिभूमि ने इस मामले को गंभीरता से प्रकाशित किया था। इसे देखते हुए कोर्ट ने छुट्टी के दिन शनिवार (4 अप्रैल 2026) को विशेष सुनवाई की और मामले में स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) लिया। इसमें बताया गया कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 1 अप्रैल से हो चुकी है, लेकिन आरटीई के तहत मिलने वाले दाखिलों की प्रक्रिया बेहद धीमी है। इससे गरीब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।

नई सरकार के लिए रास्ता...

एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस मैदान को प्रभावी भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए लगभग 30 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। इलाके में यातायात प्रतिबंध लागू किए जा सकते हैं और मार्ग परिवर्तन भी किया जा सकता है।

नक्सली भय से जहां ...

की मदद से वन विभाग ने अब इन इलाकों में अपनी गश्त भी बढ़ा दी है, अब वन कर्मचारी बिना डर के प्रवेश कर रहे हैं। वन विभाग फिलहाल ग्रामीणों के साथ मिलकर लघु वनोपज के संग्रहण और संरक्षण पर जोर दे रहा है, ताकि स्थानीय लोग आत्मनिर्भर हों। बस्तर में अब नक्सली गतिविधियां न के बराबर है। इसके परिणाम स्वरूप वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अब उन दुर्गम इलाकों में पहुंच रहे हैं, जो पहले नो-गो जोन माने जाते थे। इस बदलाव से न केवल वनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, बल्कि अंदरूनी इलाकों में सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आदिवासियों तक पहुंचाना आसान हो गया है। बस्तर और आसपास के अंदरूनी क्षेत्रों में वन विभाग ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराना शुरू कर दिया है। दशकों तक माओवादी प्रभाव में रहे सुदूर इलाकों में अब वन अधिकारी और कर्मचारी पदस्थ किए जा रहे हैं।

राशिफल

मेष दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

तुला वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक 216/तक./नि.आ.सू./न.पा.परि. / 2025-26 दन्तेवाड़ा, दिनांक: 06/05/2026

ई – निविदा निरस्तीकरण सूचना

कार्यालय के द्वारा ई-निविदा जारी सूचना क्रमांक 107 दिनांक 17.04.2026 के द्वारा से सिस्टम टेण्डर क्र. 189274, 189277, 189278, 189289, 189290, 189293, 189295, 189297, 189298, 189299, 189300, 189301, 189302, 189304 एवं 189306 तथा ई-निविदा जारी सूचना क्रमांक 176 दिनांक 30.04.2026 के द्वारा से सिस्टम टेण्डर क्र. 190089, 190092, 190099 एवं 190101 के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा को निरस्त किया जाता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT PITHORA DISTT.-MAHASAMUND (C.G.)

E-Procurement Tender Notice (1st Call)

Letter no./ 141 /N.P./PWD/2026-27 Pithora, Dated: 05.05.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works / supply works up to date 28/05/2026 at 17.30 Hours

S. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (in Lakh)	Earnest Money (in RS.)	Class of Contract or
1	190332	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of PITHORA, Chhattisgarh	Rs 27.82 Lakhs	13900	Class -D & above

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (**https://cgeprocurement.gov.in**) from **05.05.2026** at 17:30 Hours (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process, you may please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT PITHORA

रेल पहिया कारखाना / बेला (जिला-सारण), बिहार-841221

खुली ई-निविदा सं: RWP-PLG-OT-2026-1

"उप मुख्य यांत्रिक अभियंता / डब्ल्यूएफपीएस / रेल व्हील प्लांट, बेला भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके behalf पर, निम्नलिखित कार्य हेतु भारतीय रेल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (IREPS) www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन 'ई-ओपन टेंडर' आमंत्रित करते हैं।"

1. कार्य का नाम, स्थान - आरडब्ल्यूपी / बेला में मोल्ड रूम के विभिन्न स्थानों पर ऑपरेटरों के लिए कोल्ड एयर वेंटिलेशन सिस्टम का डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, निर्माण, चालू करना और परीक्षण करना, इस सिस्टम के लिए वारंटी के बाद 5 वर्षों तक का कवरेज प्रदान करना। 2. Approx. cost of the work: Rs. 28915302.00/-, 3. जमानत राशि (अर्नेस्ट मनी): Rs. 578300.00/-, 4. निविदा प्रपत्र की लागत: शून्य, 5. निविदा-पूर्व सम्मेलन की तिथि और समय : 13/05/2026 at 12:00 Hrs, 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 05/06/2026, समय 15:00 बजे, 7. वेबसाईट की जानकारी, नोटिस बोर्ड, वह स्थान जहाँ निविदा की पूरी जानकारी देखी जा सकती है, और उस कार्यालय का पता, जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है, आदि : ई-टेंडर क्रमांक: RWP-PLG-OT-2026-1, पूरी जानकारी और बोली जमा करने के लिए कृपया पोर्टल (IREPS) www.ireps.gov.in पर जाएं। निविदा प्रस्तुत करने वाली इच्छुक फर्मों / बेलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त निविदा से संबंधित अद्यतन जानकारी, जिसमें परिशिष्ट / संशोधन / रद्दीकरण शामिल है, के लिए आईआरईपीएस पोर्टल (www.ireps.gov.in) के संपर्क में रहें, क्योंकि इस संबंध में कोई भी सूचना / जानकारी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता / योजना, रेपका / बेला
आर.डब्ल्यू.पी. / सी.पी.आर.ओ. / ए.डी.भी.टी. / 2026-27 / 14

PM SHRI SCHOOL JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA, (An Autonomous Organization under Ministry of Education) Deptt. Of School Education and Literacy, Govt. of India KARAP, Distt. KANKER (C.G.) PIN-494335

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, (शिक्षा मंत्रालय का एक स्वायत्त संस्थान) स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार करप जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) पिन 494335

Phone-07868296455 Email- invkanker@gmail.com
Web-https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school KANKER/en/home/
CBSE AFFILIATION NO. 3340014 SCHOOL CODE: 19014 UDISE CODE: 22140719906
F.NO.Tender / PMSS/JNV/KNK/2026-27/130 DATE-07-05-2026

निविदा सूचना

सत्र 2026-27 के दौरान पी. एम. श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, कांकेर हेतु विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की आपूर्ति, जैसे किराना, सब्जियां एवं फल, नॉन-वेज सामग्री, मेस बर्तन, इलेक्ट्रिकल सामग्री, कपड़ा एवं यूनिफॉर्म धुलाई, बिछावन सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, बाल-कटिंग, कार्यालय एवं छात्र स्टैशनेरी, दवाइयाँ, कंप्युटर रेपरिंग एवं सर्विस बस किराया (परीक्षा एवं भ्रमण संबंधित), फर्नीचर सामग्री, बेकरी सामग्री, कार्यालयीन सामग्री, प्रयोगशाला सामग्री, एन.सी.सी. एवं स्काउट-गाइड यूनिफॉर्म सामग्री तथा खेल सामग्री आदि क्रय करने हेतु इच्छुक फर्मों विक्रेताओं आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक फर्म विक्रेता/ आपूर्तिकर्ता कार्यालयीन दिवसों में दिनांक 09.05.2026 से 30.05.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक विद्यालय कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र विद्यालय की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। **http://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs- school/KANKER /en /about us/ About-**

निविदा प्रपत्र जमा करते समय, निविदा प्रपत्र के नाम से प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, कांकेर के पक्ष में देश रू.500/- (रुपये पांच सौ मात्र) का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा बैंक ड्राफ्ट "**प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, कांकेर**" के पक्ष में देय होगा।

पूर्णतः भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 01.06.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट अथवा स्वयं उपस्थित होकर विद्यालय कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 02.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे क्रय सलाहकार समिति द्वारा प्राचार्य कक्ष में खोला जाएगा।

प्राचार्य
जवाहर नवोदय विद्यालय, कांकेर

कार्यालय, नगर पंचायत राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.)

दूरभाष 07701-235036 फैक्स नं. 07701-235036
E-mail-cmorajimnagar1@gmail.com

क्रमांक / 150 / न.पं. / लो.नि.वि. / 2026-27 राजिम, दिनांक 07/05/2026

// द्वितीय ई- निविदा आमंत्रण सूचना//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. Date of issue of Tender :- 08-05-2026 10:00 PM
2. Last Date for Online Submission for Technical & Finacial Bid :- 25-05-2026 17:00 PM
3. Last Date for Submission of physical bid :- 28-05-2026 15:00 PM
4. Bid Open Date- :- 29-05-2026 11:00 AM

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	समय सीमा	अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क एवं 100 रू. स्टाम्प पेपर युक्त फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि
1.	190465	मंगल भवन सौन्दर्गीकरण कार्य वार्ड क्र. 07 में।	46.45	34850.00	1500.00	06 माह	25.05.2026
2.	190466	वार्ड क्र. 01 मुक्तिधाम उन्नयन कार्य।	20.16	15120.00	1500.00	06 माह	25.05.2026
3.	190467	सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य साहू पारा वार्ड क्र. 15 राजिम	25.15	18900.00	1500.00	06 माह	25.05.2026
4.	190468	सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य स्टेडियम के पास, सेन समाजपारा राजिम	25.15	18900.00	1500.00	06 माह	25.05.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत राजिम

कार्यालय नगर पंचायत बस्तर, जिला बस्तर (छ.ग.)

फोन नम्बर- 07782-262256 ईमेल आईडी- cmobastar01@gmail.com

क्रमाक/217/ न.पं./रा.शा/2026 बस्तर दिनांक 07/05/2026

// नीलामी संशोधन सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुराना नगर पंचायत के सामने वार्ड क्र. - 03 में निर्मित 12 दुकानों की निलामी दिनांक 08.05.2026 को 12 बजे रखी गई थी जिसे संशोधन करते हुए दिनांक 22.05.2026 को 12 बजे रखी गई है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बस्तर (छ.ग.)

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE INTERNATIONAL INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY, NAYA RAIPUR

(A Joint Initiative of Govt. of Chhattisgarh & NTPC)

Ref. No: IIITNR/ACAD/R&I/ADMSN/PHD/2026-27/ Dated: 08/May/2026

ROLLING ADVERTISEMENT FOR PH.D. ADMISSIONS AUTUMN SEMESTER-2026

IIIT-Naya Raipur invites applications for Full-Time/Part-Time/Sponsored/Self-Financed admissions to the Ph.D. Program in CSE, ECE, Mathematics, Physics, Humanities, Management and interdisciplinary disciplines: Business Informatics, Cyber Security & Digital Forensics, Digital Humanities, Digital Mobility and Quantum Technologies. The last date for filling of application is 22/May/2026. Please refer to the institute website: **https://www.iiitnr.ac.in/content/rolling-advertisement-phd-admissions-autumn-semester-2026** for more details.

Dean (R&I)

कार्यालय, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्र.100 / लो.नि.वि./न.प./2026 किरोड़ीमलनगर दिनांक 07/05/2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर में निम्न कार्य हेतु लोक निर्माण विभागो में पंजीकृत "डी" श्रेणी व उससे उपर के क्लास के ठेकेदार हो, उनसे निविदा प्रपत्र "अ" एवं PWD Building SOR 01.01.2015, PWD Road SOR 01.01.2025, में निम्नानुसार ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	190434	वार्ड क्रमांक 14, रेल्वेलाईन पारा मुक्तिधाम उन्नयन कार्य।	36.68 लाख	28.05.2026
2	190446	वार्ड क्रमांक 02 में सामुदायिक भवन से आदर्श फूटवियर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	11.97 लाख	28.05.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, एवं निकाय के स्थापना शाखा/ लोक निर्माण में कार्यालयीन दिवस में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर

homefirst — Home First Finance Company India Limited

We'll take you home

CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

मॉंग अधिसूचना U/S 13 (2)

आप नीचे उल्लेखित उधारकर्ता(ओं) ने अनुसूची में वर्णित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया है, तथा आप नीचे उल्लेखित व्यक्ति ऋण समझौते में उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर के रूप में शामिल हैं। आपके द्वारा किए गए भुगतान चूक (डिफॉल्ट) के कारण, आपका ऋण खाता दिनांक 06-05-2026 को 'सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' (SARFAESI Act) के प्रावधानों के अंतर्गत गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (Non-Performing Asset - NPA) घोषित किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने आपके द्वारा दिए गए पते पर SARFAESI Act की धारा 13(2) (धारा 13(13) के साथ पढ़ी जाए) के अंतर्गत मांग नोटिस (Demand Notice) जारी किया है। उक्त नोटिस दिनांक 06-05-2026 को जारी किए गए हैं तथा इन नोटिसों में उल्लेख है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अतः, यह वर्तमान प्रकाशन SARFAESI Act की धारा 13(2) तथा Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधानों के अनुसार नोटिस प्रदान/प्रकाशित किया जा रहा है:

क्रं.	खाता, उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) का नाम एवं पता	प्रवर्तित की जाने वाली सुरक्षा संपत्ति का विवरण	खाता, उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) का नाम एवं पता
1.	आकाश टाकरी, बिमला टाकरी	प्लॉट- धौर, पुराना खसरा नंबर- 2358/1, नया खसरा नंबर- 2358/5 एवं प्लॉट नंबर- 12 धौर,R.N.M. दुर्ग, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग.), भिलाई, छत्तीसगढ़- 490024, सीमाएं: पूर्व- अन्य की भूमि, पश्चिम- सड़क, उत्तर- अन्य की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि।	726,488
2.	गिरवरलाल बंजारे, चंद्रशेखर बंजारे	मकान- CGHB अटल आवास योजना मुंगी, फेज-1, मकान नंबर 344, खसरा नंबर- 66/1, 631/1 भाग, PH नंबर- 13, मौजा- मुंगी, R.N.M.- मंदिरहसौद, तहसील- आरंग, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़- 493225। सीमाएं: पूर्व- सड़क, पश्चिम- मकान नंबर 345, उत्तर- सड़क, दक्षिण- मकान नंबर 343।	561,375
3.	गौड सतेंद्र कुमार, गौड आशमा देवी	मकान- Property Diverted Land bearing Plot No. LIG-71, खसरा नंबर 1328/20 में शामिल, क्षेत्रफल 0.0050 हेक्टेयर अथवा 54.00 वर्ग मीटर, स्थित मौजा- परसदा, P.H. नंबर- 13, R.I.C.- कुम्हारी, तहसील भिलाई-3 एवं जिला दुर्ग (छ.ग.), कुम्हारी, छत्तीसगढ़- 490042। सीमाएं: पूर्व- LIG-102, पश्चिम- सड़क, उत्तर- LIG-72, दक्षिण- LIG-70	1,615,838
4.	लालदेव यादव, कामदेव यादव, इंद्रदेव यादव	प्लॉट- Property Land bearing Part of Khasra No. 1527/2, क्षेत्रफल 500 वर्ग फुट, स्थित मौजा संकारा, P.H. नंबर- 08, R.I.C अमलेश्वर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़- 491111 सीमाएं: पूर्व- सड़क, पश्चिम- रामावतार की भूमि, उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- रामावतार की भूमि।	1,225,176
5.	नरेंद्र, विवकी साहू, लता बाई साहू	फ्लैट- NEW PH NO 28, KH NO 307/20, स्थित मौजा अछोली, हरि ठाकुर वार्ड, वार्ड नंबर- 08, P.H. नंबर- 100/28, R.I.C. रायपुर-21 रावाभाटा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़- 492003। सीमाएं: पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- साहू की भूमि, उत्तर- अग्रवाल की भूमि, दक्षिण- सड़क।	1,134,601
6.	शिवराज अडवानी, भाविका शिवराज अडवानी	मकान- KH नंबर 336/1, कुरूद P.H. नंबर-14, आरंग, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 सीमाएं: पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर- सड़क, दक्षिण- JL सिन्हा प्रॉपर्टी।	918,218
7.	येशु दास साहू, चंपा बाई साहू, पंचराम साहू	फ्लैट- PH नंबर- 07, K.H नंबर- 804

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी) CIN: U40108CT2003SGC015822
कार्यालयः–महाप्रबंधक (वित्त)"विद्युत सेवा भवन" डंगनिया रायपुर (छ.ग.) 492013
Tell.No.0771-2574359, 2576601, Website-www.cspdcl.co.in, E-mail-fin.cspdcl@cseb.gov.in

T.S.No.05-06/Estt./ 260 Raipur, dt.05.05.2026

Notice Invitng Tender

Sealed tender in prescribed form are invited for deployment of 1 car, on hiring basis, as per the terms & conditions detailed in the tender document which can be obtained from this office. The tender document can also be downloaded from official website of the company i.e. www.cspc.co.in, in which case the cost of tender form Rs. 2000/- (Inclusive of GST 18%) in prescribed mode shall have to be submitted in a separate envelop-superscribing **"Cost of Tender"**.

General Manager (Fin)
CSPDCL,Raipur

//Save Electricity//

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़
स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर

क्रमांक / स्था. अवि. / / 2026 /269 नया रायपुर, अटल नगर दिनांक 06/05/2026

संक्षिप्त विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक / एफ 1-82 / 2024 / सत्रह / एक, दिनांक 14.082024 से वित्त विभाग के जावक क्रमांक 501 / वित्त विभा / ब - 3 / 2024, दिनांक 07.08.2024 द्वारा संभाग स्तरीय ओ.टी. टेक्नीशियन (तृतीय श्रेणी) के कुल 15 पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु अनुमति प्राप्त है। उक्त पदों को सीधी भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर अटल नगर के वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर आमंत्रित किये जायेंगे। परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

क्र.	पदनाम	वेतनमान	श्रेणी	रिक्त पदों की संख्या
1	ओ.टी. टेक्नीशियन	लेवल - 7 वेतन 5200-20200	तृतीय	15

टीपः-

1 पदों से संबंधित नियम एवं शर्तें विस्तृत विज्ञापन व्यापम के वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in में पृथक से अपलोड की जावेगी।
2. उपरोक्त नियुक्तियों एवं चयन प्रक्रियाओं में आरक्षण छत्तीसगढ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 13-1/2023 / आ. प्र. / 1-3 नवा रायपुर दिनांक 03.05.2023 में जारी निर्देशानुसार माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668 / 2022 अंतिम आदेश / निर्णय के अध्यधीन होंगी।
3. परीक्षा के नियम एवं शर्तें पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की विधि, परीक्षा संचालन संबंधी निर्देश व्यापम के वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर पृथक से अपलोड की जावेगी।
4. पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

आयुक्त सह संचालक
स्वास्थ्य सेवायें
छत्तीसगढ़

G-262700563/2 मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
बांसागार डिपो वांदे (पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डल अंतर्गत बांसागार डिपो बांदे संग्रहित बांसों का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन ई-नीलाम के माध्यम से तिथि 12.05.2026 समय प्रातः 9:00 बजे से किया जावेगा। तदानुसार इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमण्डल में प्राप्त की जा सकती है।

-: नीलाम हेतु प्रस्तावित बांस :-

क्र.	वनमण्डल	बांसागार का नाम	वांसों का विवरण	नग/ बंडल	नो.टन
1	पश्चिम भानुप्रतापपुर	बांसागार बांदे	औद्योगिक बांस (पुराना लॉट)	35849	550.491
2			औद्योगिक बांस (नया लॉट)	78492	1222.876
			योग :-	114341	1773.367
3			व्यापारिक बांस (पुराना लॉट)	54400	165.448
4			व्यापारिक बांस (नया लॉट)	250200	759.974
			योग :-	304600	925.422
			महायोगः–	-	2698.789

दूरभाष क्रमांक- पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डल (07850–252367)

(1) क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व एम. एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी, ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग ईन करके देख सकते है।
(4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर

G- 262700568/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 06.05.2026

:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग स.क्र. 1, 2 जशपुर, स.क्र. 3, 4 पत्थलगांव एवं स.क्र. 5 अम्बिकापुर संभाग
03. स.क्र. 01 एवं 05: 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 28.05.2026

सरल क्र.	एन.आई.टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	06	जिला जशपुर के मुख्य मार्ग सिंगीबहार से रघराटोली पहुंच मार्ग लंबाई 1.12 कि.मी. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	154.93
2	07	जिला जशपुर के घुमरा मार्ग से जामबहार पहुंच मार्ग 1.12 कि.मी. निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	119.64
3	08	जिला जशपुर के ग्राम पंचायत तिलडेगा मुख्य मार्ग से भदरापारा होते हुए कटंगतराई पहुंच मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	191.32
4	09	जिला जशपुर के मुख्य मार्ग गाला, गोपीपारा से झक्कडपुर, तिलाईखार तक मार्ग लंबाई 1.70 कि.मी. का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	179.68
5	10	केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर में अतिरिक्त बैरक्स का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण)	117.20

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

G-262700573/5

रिकॉर्ड बिक्री के साथ वित्त वर्ष 2027 में सोनालीका की दमदार शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारत से ट्रैक्टर निर्यात में अग्रणी सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 की शुरुआत रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ की है। कंपनी ने अप्रैल महीने में अब तक की सर्वाधिक 16,223 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज कर 35.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है। यह वृद्धि उद्योग की 27 प्रतिशत विकास दर से भी अधिक रही, जिससे कंपनी ने बाजार हिस्सेदारी में मजबूत बढ़त बनाई है। अपने 30वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी सोनालीका किसानों को 'जीतने का दम' देने की अपनी विचारधारा पर कायम है और उन्नत कृषि तकनीकों के जरिए खेती को अधिक आधुनिक, प्रभावी और लाभकारी बनाने पर जोर दे रही है।

कंपनी का कहना है कि बढ़ते मशीनीकरण, रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और जीएसटी दरों में कटौती से कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों की मांग तेज होगी।

कंपनी के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा कि किसानों का तकनीक आधारित खेती की ओर बढ़ता रुझान कंपनी की सफलता का प्रमुख आधार है। उन्होंने भरोसा जताया कि गोल्ड सीरीज जैसे आधुनिक उत्पाद भारतीय कृषि के भविष्य को और मजबूत बनाएंगे।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 114 अंक टूटा

मुंबई। विदेशी कोषों की निकासी तथा वैश्विक अनिश्चितता के बीच बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में मामूली गिरावट आई। निवेशकों के सतर्क रुख के चलते सेंसेक्स 114 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान ऊपर-नीचे होने के बाद अंत में 114 अंक टूटकर 77,844.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 78,384.70 अंक के उच्चस्तर तक गया और 77,713.21 अंक के निचले स्तर तक आया। सेंसेक्स में 671.49 अंक का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। वहीं निफ्टी 4.30 अंक मामूली नुकसान के साथ 24,326.65 अंक पर बंद हुआ।

आरबीआई 'मनी चेंजरों' के लिए नए लाइसेंस नहीं करेगी जारी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा लेनदेन से जुड़े संस्थानों के लिए संशोधित मानक जारी करते हुए कहा है कि अब 'मनी चेंजरों' के लिए नए लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे। केंद्रीय बैंक ने 'विदेशी मुद्रा प्रबंधन (अधिकृत व्यक्ति) विनियमन, 2026' के तहत यह बदलाव किया है।

इसका उद्देश्य विदेशी मुद्रा सेवाओं की उपलब्धता में सुधार करना और अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। आरबीआई ने कहा कि नए ढांचे के तहत विदेशी मुद्रा लेनदेन करने के लिए सभी संस्थाओं को उसकी अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
Phone No. :- 07749-222370,
Email Id :- ee-res.balod@gov.in

(E-Tender) सूचना प्रथम बार

क्रमांक / 01 / व.ले. लि . / ग्रा. यां. से. / 2026-27 बालोद, दिनांक 07.05.2026

